ॐ

उभयभाषा कविशेखर श्री मल्लिषेणसूरि कृत—

भैरव पद्मावती कल्प

काव्य-साहित्य-तीर्थाचार्य, प्राच्य-विद्यावारिधि

श्री० पं० चन्द्रशेखरजी शास्त्री देहली कृत

भाषा टीका सहित

तथा

४६ यन्त्रों, साधनविधि व श्री पद्मावती सहस्रनाम,

पद्मावती कल्प, पद्मावती स्तोत्र, पद्मावती

पद्मावती छन्द और पद्मावती पूजा सहित

प्रकाशक:—

मूलचन्द किसनदास कापड़िया,

मालिक, दिगम्बर जैन पुस्तकालय,

गांधीचौक, कापडिया भवन, सूरत Surat 1.

द्वितीयावृत्ति] वीर सं० २४९६ [प्रति १०००

मूल्य-पांच रुपये

“जैनविजय” प्रिन्टिंग प्रेस
गांधीचौक-सूरतमें
मूलचन्द किसनदास कापड़ियाने
मुद्रित किया

प्रथम आवृत्तिका निवेदन

जैन शास्त्रोंमें मंत्र-शास्त्रों व औषधि-शास्त्रोंकी कमी नहीं है उनमें करीब १२ वीं शताब्दिमें होनेवाले श्री मल्लिषेणसूरि कृत श्री भैरव पद्मावती कल्प, ज्वालमालिनी कल्प, अम्बिका कल्प, चक्रेश्वरी कल्प मंत्र-शास्त्रकी महिमा अपार है, और ये ग्रन्थ आजतक न तो मूल या मूल और टीका सहित प्रकट हुये हैं। क्योंकि ये असाधारण ग्रंथ नहीं हैं अतः ऐसे मंत्र-शास्त्रके ग्रथ प्रकट होनेकी बड़ी आवश्यकता थी और है। और आजतक ऋषिमंडल स्तोत्र, भक्तामर स्तोत्र, यन्त्रमन्त्र सहित व कल्याण मन्दिर स्तोत्र यन्त्र-मन्त्र व साधनविधि सहित प्रकट हो चुके हैं। लेकिन 'भैरव पद्मावती कल्प" जो मन्त्रशास्त्रोंका भण्डार है, अभीतक प्रकट नहीं हुआ था क्योंकि इसका संकलन व हिन्दी टीका करना सहज कार्य नहीं था व जहां यह ग्रन्थ था उनके स्वामी यह देना व छपवाना नहीं चाहते थे।

ऐसी परिस्थितिमें करीब २४ वर्षोंकी बात है जब कि हम सकुटुम्ब शिखरजीकी यात्रा करते हुये देहली आये थे और धर्मपुराकी धर्मशालामें ठहरे थे जिसकी सूचना पाते ही इस ग्रन्थके अन्वेषक व हिन्दी टीकाकार श्री पं० चन्द्रशेखरजी शास्त्री जो काव्यसाहित्य, तीर्थाचार्य, व प्राच्य विद्यावारिधि हैं, हमको मिलनेके लिये आये थे, उन्होंने जैन साहित्यकी चर्चा करते हुए बताया कि जैन मन्त्र शास्त्र अगाध है और हमने यहांके शास्त्र भण्डारसे बड़ी मेहनतसे भैरव पद्मावतीकल्प, ज्वालामालिनी कल्प, अम्बिका कल्प, मन्त्र व्याकरण व बीजकोष प्राप्त करके उनकी प्रेस कोपी की है तथा सबका हिन्दी अनुवाद भी हमने

तैयार किया है। अतः यदि आप इनमेंसे कुछ छपाना चाहे तो हम दे सकते हैं। इससे हमने आपकी ये सब प्रेस कापियां मंगाकर देखीं और इनमेंसे प्रथम "भैरव पद्मावती कल्प" प्रकट करनेकी स्वीकारता दे दी जो उन्होंने ठीक करके पीछेसे वी.पी.से सूरत भेज दी थी।

एक दो साल तो इसे हम नहीं छपा सके फिर इसके छापनेका कार्य प्रारम्भ किया और ४८ पृष्ठ छप चुके तब मालूम हुआ कि मन्त्रशास्त्रके इसके विधानोंमें कहीं कहीं अशुद्ध चीजोंका व कहीं कहीं हिंसक चीजोंका विधान है। अतः हम असमंजसमें पड़ गये कि इसे छापे या नहीं और इस विचारमें उस समय इसका मुद्रण कार्य रोक लिया गया जो १४-१५ वर्षों तक रुका रहा। इस बीचमें कई पंडितोंकी हमने वार बार राय ली तो कईयोने कहा कि इसे नहीं छपाना चाहिये तो कईयोंने कहा कि कापड़ियाजी, इसे अवश्य छपाना चाहिये, और नोट कर देना चाहिये कि मन्त्रशास्त्रोंमें अशुद्ध चीजोंका विधान कहीं कहीं आता ही है। अतः इन्हें साधन करनेवाले विचार करके ही इन विधानोंको करें या न करें।

अतः हमने इस "भैरव पद्मावती कल्प" मन्त्रशास्त्रको ४९ पृष्ठसे पुनः छपाना प्रारम्भ किया और पूर्ण करके यह मंत्रशास्त्र आज प्रकाशमें आ रहा है, जो ४६ यन्त्र सहित है।

श्री० प० चन्द्रशेखरजी शास्त्रीने इसकी विस्तृत प्रस्तावना (विषय सूची व यन्त्र सूचि सहित) लिख भेजी है (जो आगे प्रगट है) उसके लिये हम आपकी इस साहित्य सेवाका बड़ा उपकार मानते हैं। आपने जिस विद्वत्ता व परिश्रमके साथ इसकी प्रस्तावना लिखी है वह विद्वानोंके पढ़ने योग्य है।

इस ग्रंथके साथमें, हमने विचार किया कि पद्मावती सहस्रनाम स्तोत्र, छन्द, पूजा आदि रख दिये जावें तो क्या

ही अच्छा हो, अतः हमने सूरतके जूने मन्दिर, गुजराती मन्दिर व मेवाड़ा मन्दिरोंसे ऐसे हस्तलिखित शास्त्र प्राप्त किये व बम्बईसे हमारी बड़ी बहिन श्रीमति काशीबहिन (उर्फ नन्दकोरबाई) चुन्नीलाल हेमचन्द जरींवालोंकी धर्मपत्नी, उनके पास यही पद्मावती छन्द लिखे हुये थे उसकी कापी कर लाये और सबसे मिलान करके इस ग्रन्थके अन्तमें पद्मावती सहस्रनाम, पद्मावती स्तोत्र, पद्मावती कवच स्तोत्र, पद्मावती पटल स्तोत्र, पद्मावती दण्डक स्तोत्र, पद्मावती स्तुति, पद्मावती छन्द व पद्मावती पूजा व स्तुति भी इस ग्रन्थमें प्रकट किये हैं जो पाठकोंको श्री पद्मावती आराधना व पद्मावती सहस्रनाम आदि पाठ करनेमें बहुत उपयोगी होंगे।

इस मन्त्रशास्त्रमें हमारा विचार था कि श्री पद्मावतीमाताका कोई प्राचीन चित्र रखा जावे तो खोज करने पर एक ऐसा चित्र श्री उमाकान्त प्रेमानन्द शाह एम. ए. बड़ौदा जो कि इस विषयके पी. एच. डी. के अभ्यासी हैं उनसे मिला जो इस ग्रन्थमें प्रकट किया गया है जिसको देखनेसे पाठकोंको मालूम होगा कि दक्षिण प्रांतके जैन मन्दिरोंमें पद्मावतीकी कैसी कैसी अलभ्य मूर्तियां हैं।

हमारा विचार है कि यदि हो सका तो हम ज्वालामालिनी कल्प भी हिन्दी अनुवाद सहित भविष्यमें प्रकट करेंगे।

अन्तमें इस मन्त्र शास्त्रका उद्धार करने करानेवाले महान् विद्वान् पं० चन्द्रशेखरजी शास्त्री देहलीका हम पुनः आभार मानते हैं क्योंकि आपने इसे तैयार न कर दिया होता तो यह मंत्रशास्त्र हिन्दी अनुवाद सहित प्रकट नहीं हो सकता था।

वीर सं० २४७९
ता० २५-१२-५२

निवेदक—
मूलचन्द किसनदास कापडिया
—प्रकाशक।

दूसरी आवृत्तिका निवेदन

इस मन्त्रशास्त्रकी प्रथम आवृत्ति खत्म हो जाने पर तथा इसकी मांग आती ही रहती है इसलिये इसकी यह दूसरी आवृत्ति प्रकट की जाती है।

प्रथम आवृत्तिमें अशुद्धियां थीं अतः शुद्धिपत्रक रखा गया था लेकिन इसबार सब अशुद्धियां सुधार भी गई हैं तथा ४६ यन्त्र प्रथम आवृत्तिमें अन्तमें अलग दिये गये थे वे भी इसवार श्लोकोंके साथमें ही दिये गये हैं।

प्रथम आवृत्तिमें भैरव पद्मावतीका १ प्राचीन फोटो दिया गया था जब कि इसबार दूसरा प्राचीन फोटो भी दिया गया है।

इसके अनुवादक पं० चन्द्रशेखरजी शास्त्री देहली तो दो वर्ष हुए स्वर्गवासी हो गये हैं लेकिन उनकी यह सानुवाद कृति अमर ही रहेगी।

हमने उनका अनुवादित दूसरा मन्त्रशास्त्र "ज्वालामालिनी कल्प" भी २६ यन्त्रों सहित सचित्र प्रकट किया है जो ५) में मिल सकेगा तथा "अम्बिकादेवी कल्प" भी हम प्रकट करनेवाले हैं। जो मूल मिला है अतः उसका हिन्दी अनुवाद तैयार करवा रहे हैं।

"भैरव पद्मावती कल्प" की इस दूसरी आवृत्तिका शीघ्र ही प्रचार हो जाय ऐसी हम आशा रखते हैं।

सूरत
वीर स० २४९६
कार्तिक सुदी २
ता. ११-११-६९

निवेदक—
मूलचन्द किसनदास कापडिया,
—प्रकाशक (आयु ८७)

अनुवादककी प्रस्तावना

मन्त्र शास्त्रका विषय जैन शास्त्रोंमें द्वादशांग वाणी जितना ही पुराना है। द्वादशांग वाणीके बारह अंग चौदह पूर्वोमेंसे विद्यानुवाद पूर्व यन्त्र, मन्त्र तथा तन्त्रोंका सबसे बड़ा संग्रह है। हमारा मूल मन्त्र णमोकार मन्त्र भी एक मन्त्र ही है और उससे इहलौकिक तथा पारलौकिक सभी प्रकारके लाभ होते हुए देखे गए हैं।

मन्त्र शास्त्रकी वैदिक परम्परामें भी जैन यन्त्रोंके महत्त्वको स्वीकार किया गया है, वहां तो यहां तक लिखा हुआ है कि वैदिक मन्त्रोंको तो शिवजीने कील दिया था, अतएव वह कलियुगमें सिद्ध नहीं हो सकते। किन्तु जैन मन्त्रोंको बिना विचारे ही सिद्ध किया जा सकता है।

क्रमशः भगवान् महावीरके निर्वाणके बाद तीन केवलियोंका निर्वाण होने पर सम्पूर्ण द्वादशांग वाणीका अस्तित्व पांचवें तथा अन्तिम श्रुतकेवली भद्रबाहुस्वामीके समय तक तो बना रहा, किन्तु उसके बाद उसमें उत्तरोत्तर क्रमशः न्यूनता होने लगी।

बारह अंगोंका लोप होने पर भी पूर्व ज्ञान उनके बाद तक भी बना रहा, उसमें भी विद्यानुवादका अस्तित्व तो बहुत बाद-तक बना रहा।

आजकल जो जयपुर तथा अजमेरके भण्डारोंमें विद्यानुवाद नामसे यन्त्र मन्त्र तथा तन्त्रका अपूर्व ग्रन्थ मिलता है, वास्तवमें वह विद्यानुवादपूर्व नहीं है। यह तो तत्कालीन मन्त्रोंके ग्रन्थ को देखकर उन सबका संग्रह ग्रन्थ है। इस ग्रन्थका संग्रह सुकुमारसेन नामक एक मुनिने करके उसका नाम विद्यानुशासन रखा था।

ऐसा प्रतीत होता है कि-सुकुमारसेन मुनिने विद्यानुवादके कमसे कम कुछ अवतरणोंको अवश्य देखा होगा। क्योंकि विद्यानुशासनमें उन्होंने विद्यानुवादके कुछ अवतरणोंको दिया है।

इस विद्यानुशासनमें बतलाया गया है कि चौबीस तीर्थंकरकी चौबीस शासनदेवियोंके कभी चौबीसों कल्प उपस्थित थे, फिर भी सुकुमारसेन मुनिके वर्णनसे यह पता चलता है कि उन्होंने कुल चार कल्प ही देखे थे—

१—भैरव पद्मावती कल्प।
२—ज्वालामालिनी कल्प।
३—अम्बिका कल्प।
४—चक्रेश्वरी कल्प।

विद्यानुशासनमें प्रथम तीन कल्पोंके पश्चात् अवतरण पाये जाते हैं, किंतु चक्रेश्वरी कल्पका कोई अवतरण हमारे ध्यानमें नहीं आया।

इनमेंसे हम विद्यानुशासनके अतिरिक्त भैरव पद्मावती कल्प तथा ज्वालामालिनी कल्पकी भाषाटीकाएं बना चुके हैं। अम्बिका कल्पकी मूल प्रति हमने श्री महावीरजी अतिशयक्षेत्रके पुस्तकालयसे प्राप्त की थी, किन्तु चक्रेश्वरी कल्पकी प्रतिके अस्तित्वका अभीतक भी हमको पता नहीं लग सका है। इनमेंसे भैरव पद्मावतीकल्प अपनी भाषाटीका सहित पाठकोंके सन्मुख उपस्थित किया जाता है।

× × ×

ग्रन्थकारका परिचय—

भैरव पद्मावती कल्पके रचयिता श्री मल्लिषेण मुनि थे। उनके ग्रन्थकी प्रशस्तिमें उभय भाषा कवि चक्रवर्ती, कविशेखर तथा गारुडमन्त्रवादवेदी आदि उपाधियां लिखी मिलती है। उनसे पता चलता है कि उनका संस्कृत तथा प्राकृत दोनों भाषाओंपर

पूर्ण अधिकार था। साथ ही वह एक उच्च कोटिके कवि भी थे। उनके गारुड़मन्त्रवादवेदी होनेका प्रमाण तो प्रस्तुत ग्रन्थका दसवां एवं अन्तिम परिच्छेद-हीसे रहा है।

❀ ❀ ❀

मल्लिषेणके ग्रन्थ—

यद्यपि भैरव पद्मावती कल्पको देखते हमको उनकी गुरु-परम्पराके अतिरिक्त उनके सम्बन्धमें अन्य किसी बातका पता नहीं लगता। किन्तु ग्रन्थान्तरोंको देखनेसे इस बातका पता चलता है कि उनके बनाए हुए कमसे कम निम्नलिखित ग्रन्थ अवश्य थे—

१–महापुराण, २–नागकुमार चरित्र, ३–भैरव पद्मावती कल्प, ४–सरस्वती मन्त्र कल्प तथा ५–ज्वालिनी कल्प।

ऊपर जिस ज्वालामालिनी कल्पका वर्णन किया गया है वह उस ज्वालिनी कल्पसे भिन्न है। और उसके लेखक भी मल्लिषेण मुनिसे भिन्न एक इन्द्रनन्दि आचार्य थे। यह इन्द्रनन्दि आचार्य वासवनन्दिके प्रशिष्य एवं दयानन्दिके शिष्य थे। उन्होंने हेलाचार्यके द्वारा प्रोत्साहन पाकर शक सम्वत् ८६१ तदनुसार विक्रम सम्वत् ९९६ में ज्वालामालिनी कल्पकी रचना की थी, ज्वालामालिनीदेवीके सम्बन्धमें हेलाचार्यने भी ज्वालिनीमत नामसे एक ग्रन्थ बनाया था।

❀ ❀ ❀

मल्लिषेणका समय—

मल्लिषेण आचार्यने भैरव पद्मावती कल्पमें अपनी गुरुपरम्परा यह दी है—

अजितसेनगणि
|
कनकसेनगणि
|
जिनसेन
|
मल्लिषेण

किन्तु इस गुरु-परम्परामें उन्होंने अपने समयका कोई उल्लेख नहीं किया है। किन्तु उनके अन्य ग्रन्थोंको देखनेसे यह पता चलता है कि यह विक्रमकी ग्यारहवीं शताब्दीके अन्त अथवा बारहवीं शताब्दीके आरम्भमें अवश्य विद्यमान थे। क्योंकि उन्होंने अपने ग्रन्थ महापुराणको मुलगुण्ड नगरमें शक संवत् ९६९, एवं विक्रम संवत् ११९४ में ज्येष्ठ शुक्ला पञ्चमीके दिन समाप्त किया था।

मुलगुण्ड नगर धारवाड़ जिलेकी गदक तहसीलमें वहांसे दक्षिण पश्चिमकी ओर बारह मीलपर है। महापुराणकी रचना मल्लिषेण मुनिने मुलगुण्ड नगरके एक जैन मन्दिरमें की थी। उन दिनों उक्त मन्दिरकी ख्याति एक तीर्थके रूपमें थी। मुलगुण्ड नगरमें आज भी उक्त मन्दिरके अतिरिक्त चार अन्य जैन मन्दिर भी हैं। इन मन्दिरोंमें शक सवत् ८२४ से लेकर १२९७ तकके शिलालेख पाए जाते हैं। इनमेंसे एक लेखमें आचार्य नामक व्यक्ति द्वारा सेनवंशके कनकसेन मुनिको एक खेतके दान देनेका वर्णन भी किया गया है।

❀ ❀ ❀

मन्त्र शास्त्रोंका आधार—

इस मन्त्र शास्त्रोंकी रचना बीजकोष तथा मन्त्र व्याकरणके आधारपर की जाती है। यद्यपि उपरोक्त विद्यानुशासनमें बीजकोष तथा मन्त्र व्याकरणके कुछ नियमोंका वर्णन किया गया है, किंतु

इस विषयपर अन्य किसी ग्रन्थमें भी और कुछ वर्णन नहीं पाया जाता। हमने अभी २ इस विषयमें अपने तुलनात्मक अध्ययनके बलपर बीजकोषके दोनों भागों तथा मन्त्र व्याकरणकी रचना की है; जो प्रेसमें जा चुके हैं और शीघ्र ही पाठकोंके सम्मुख उपस्थित किये जाएंगे।

❀ ❀ ❀

ग्रन्थकी आभ्यन्तर परीक्षा—

मल्लिषेण मुनिने इस ग्रन्थकी रचना कुल चारसौ श्लोकोंमें की है। फिर भी उन्होंने इसका विभाजन निम्नलिखित दश परिच्छेदोंमें किया है—

१. मन्त्री लक्षण, २. सकलीकरण क्रिया, ३. देवीकी आराधना विधि, ४. द्वादश रंजिका यन्त्र विधान, ५. स्तम्भन यन्त्र, ६. स्त्रीआकर्षण यन्त्र, ७. वश्य यन्त्र, ८. निमित्ताधिकार, ९ तन्त्राधिकार तथा १०. गारूडाधिकार; इनमेंसे तृतीय परिच्छेद पूरेका पूरा पद्मावतीदेवीके सम्बन्धमें है। शेष परिच्छेदोंमें अन्य मन्त्रों यन्त्रोंको भी दिया गया है।

इस ग्रन्थमें यन्त्रोंकी संख्या ४६ है उन सभीको इस ग्रन्थमें पृथक् २ ब्लॉक बनाकर बता दिया गया है।

इस ग्रन्थकी आभ्यन्तर परीक्षा करनेपर शुद्ध आम्नायवालोंको एक शंका हो सकती है, वह यह है कि इस ग्रन्थमें यन्त्रों तथा तन्त्रोंकी प्रयोग विधिमें कहींर रक्त, हड्डी आदि अशुद्ध पदार्थोंके छूनेका विधान है। वैसे उसमें हिंसाका वर्णन लेशमात्र भी नहीं है। किन्तु अशुद्ध पदार्थोंके स्पर्श तथा उनके प्रयोगका वर्णन इतनी स्पष्टतासे किया गया है कि उसका अन्य अर्थ नहीं किया जा सकता। इस सम्बन्धमें स्पष्टीकरणके लिए केवल यही कहा जा सकता है कि अशुद्ध पदार्थोंके स्पर्शसे कोई भी तन्त्र ग्रथ बचा

हुआ नहीं। विद्यानुशासन, ज्वालामालिनी कल्प, पद्मावती कल्प तथा अम्बिका कल्प सभीमें इस प्रकारके प्रयोगोंको दिया गया है। सो इसमें भी उनके स्पर्शका ही विधान है, उनके भक्षणका विधान नहीं है। फिर यह भी आवश्यक नहीं है कि साधक इस ग्रंथमें बतलाए हुये सभी प्रयोगोंमें हाथ डाले।

मन्त्रशास्त्र तो एक विद्या है, यह धर्मशास्त्र नहीं है। धर्मशास्त्रमें इस प्रकारके विधानोंका अस्तित्व दोषयुक्त होता, किन्तु मंत्र विद्यामें तो इसप्रकारके विधानोंका वर्णन करना ही पड़ता है।

अन्तमें हमको यह निवेदन करना है कि इस ग्रन्थकी भाषा टीकाको विक्रम सं० १९८४ ईसवी सन् १९२७ में तैयार करके हमने १९२८ के अन्तमें उसे सेठ मूलचन्द किसनदास कापड़िया सूरतको प्रकाशनार्थ दिया था। किन्तु कहीं कहीं हिंसाका प्रकरण देखकर उन्होंने इस ग्रन्थके मुद्रणकार्यको बीचमें ही रोक दिया था। किन्तु बादमें जब उनको पता चला कि कल्प ग्रन्थोंमें इस प्रकारके वर्णन अवश्य होते हैं तो उन्होंने इस ग्रथको फिर छपवाया है।

इस ग्रन्थको मुद्रित करानेमें उन्होंने हमको इसके प्रूफ नहीं दिखाये, जिससे उसमें अनेक अशुद्धियां रह गयीं अतः पाठकोंकी सुविधाके लिए प्रथमें विस्तृत शुद्धिपत्र बनाकर लगा दिया गया है।

यदि पाठक इस सम्बन्धमें किसी अन्य त्रुटिकी ओर ध्यान आकर्षित करेंगे तो उसे ग्रन्थके अगले संस्करणमें सुधार दिया जायगा।

४५६६ बाजार पहाडगंज नई दिल्ली
भाद्रपद शुक्ला ११, सं. २००९
ता. ३१ अगस्त १९५२

चन्द्रशेखर शास्त्री
(आचार्य)

विषयसूची--श्री भैरव पद्मावती कल्प

विषय	श्लोक	पृष्ठ
प्रथम परिच्छेद (मन्त्री लक्षण)		
मङ्गलाचरण	१–२	१
पद्मावतीके नाम	३	१
ग्रन्थकी अनुक्रमणिका	४–५	२
मंत्रीका लक्षण	६–११	३
द्वितीय परिच्छेद (सकलीकरण क्रिया)		४
सकलीकरण क्रिया	१–१२	४–७
अंशक परीक्षा	१३–२२	८–१०
तृतीय परिच्छेद (देवीकी आराधन विधि)		१०
मन्त्रोंके जपमें-गूंथनेके भेद	१–३	११
मन्त्रोंकी सामान्य साधनविधि	४–१३	११–१४
पद्मावतीको सिद्ध करनेका विधान		१४
अनुष्ठानमें पास रखनेका यन्त्र	१४–२४	१४–१९
पूजनके पांचों उपचार	२५–२९	२०–२१
पद्मावती सिद्ध करनेका मूल मन्त्र	३०–३१	२१
पद्मावतीका षडक्षरी मन्त्र	३२	२१
पद्मावतीका त्र्यक्षर ,,	३३	२२
पद्मावतीका एकाक्षर ,,	३४–३५	२२–२३
होम विधि	३६–३८	२३
पार्श्वनाथ भगवानके यक्षकी साधनविधि	३९–४०	२४
वशीकरण चिन्तामणि यन्त्र	४१	२४
चतुर्थ परिच्छेद (द्वादशरंजिका यन्त्र विधान)		
मोहनमें ह्रीं रंजिका यन्त्र	१–४	२७–२८
आकर्षणमें ह्रीं रंजिका यन्त्र	५	२९

विषय	श्लोक	पृष्ठ
प्रतिषेधकमें हुं रंजिका यंत्र	६	२९
विद्वेषक यं रंजिका यंत्र	७–८	३०–३१
सत्रु उच्चाटनमें यः रंजिका यत्र	९–१०	३२
उच्चाटनमें हं रजिका यंत्र	११–१२	३३
उच्चाटनमें फट् रंजिका यंत्र	१३–१४	३४
शत्रुके छेदन, भेदन और निग्रहमें म रंजिका यंत्र	१५–१६	३५
वशीकरणमें ई रजिका यत्र	१७–१८	३६
स्त्री सौभाग्यमें क्ष वषट् रंजिका यंत्र	१९–२०	३७
स्तम्भनमें लं रजिका यंत्र	२१	३८
ग्रहशांतिमें श्री रजिका यंत्र	२२	३९
पञ्चम परिच्छेद (स्तम्भन यन्त्र)		४०
अग्नि स्तम्भन यंत्र प्रथम	१–२	४१
वाणी स्तम्भन ध्यान	३	४१
अग्नि स्तम्भन यंत्र द्वितीय	४	४२
जल, तुला, सर्प और पक्षि स्तम्भन यंत्र	५	४४
क्रोध, गति, सेना और जिह्वा स्तम्भन वार्तालि यंत्र	६–१०	४७–४९
दिव्य वस्तु स्तम्भक यंत्र	११–१४	५१
सेना स्तम्भक यत्र	१५–२२	५३–५४
षष्ठ परिच्छेद (स्त्री आकर्षण यन्त्र)		५५
इष्टांगनाकर्षण यन्त्र प्रथम	१–३	५६
,, ,, ,, द्वितीय	४–५	५८
स्त्री आकर्षण ,, तृतीय	६–८	५९–६०
,, ,, चतुर्थ	९–१	६१
,, ,, पञ्चम	१९	६२–६४
,, ,, षष्ठ	१९	६५

सप्तम परिच्छेद (नवम यन्त्र)

विषय	श्लोक	पृष्ठ
ज्वर शांत करनेका यन्त्र	१–५	६६–६७
वश्य यन्त्र प्रथम	६–८	६८–६९
,, ,, द्वितीय	९–१०	७०–७१
,, ,, तृतीय	११–१३	७२
,, ,, चतुर्थ	१४–१६	७३–७४
अरिष्टनेमि मन्त्र	१७	७४
वश्य यन्त्र पञ्चम	१८–१९	७५
,, ,, षष्ठ	२०–२१	७६
दूसरेको सुलानेका मन्त्र	२२–२३	७७
रण्डा यक्षिणीकी सिद्धि	२४–२६	७७–७८
स्त्री वशीकरण ध्यान	२७–३२	७८–७९
किसीको ज्वर लानेका मन्त्र	३३–३५	८०
ज्वर हरण यन्त्र	३६	८१
होम द्रव्य विधान	३७–४२	८१–८२

अष्टम परिच्छेद (निमित्ताधिकार)

दर्पण निमित्तकी प्रथम सिद्धि	१–७	८३
,, ,, द्वितीय ,,	८–११	८४
अंगुष्ठ निमित्तकी सिद्धि	१२	८५
दर्पण ,, तीसरी सिद्धि	१३–१८	८६
दीपक निमित्तकी सिद्धि–सुन्दरी मन्त्र	१९–२१	८७–८८
कर्ण पिशाचिनी मन्त्र	२२–२३	८८
ग्रह हरण यंत्र	२४–२५	८९
धन दर्शक दीपक	२६–२८	९०
गणितका निमित्त	२९	९०
युद्धमें अर्द्धेन्दु त्रिशूल चक्र	३०–३१	९१–९२
गर्भमें पुत्र है या पुत्री	३२	९३

विषय	श्लोक	पृष्ठ
स्त्री अथवा पुरुष किसकी मृत्यु होगो	३३	९३
नवम परिच्छेद (तन्त्राधिकार)		
मोहन तिलक	१-३	९४
स्त्री वश्य पान	४	९४
,, ,, गुटिका	५-६	९५
वश्य चूर्ण	७-९	९५
पञ्चांग मल	१०	९६
वश्य दीपक	११	९६
वशीकरण प्रयोग	१२	९६
स्त्री वश्य मदन क्रमुक	१३-१४	९७
वश्य काजल	१५-१९	९७-९८
पिशाची पान	२०	९९
शत्रु भयकरण काजल	२१-२२	९६
अदृश्य गुटीका	२३-२४	१००
वीर्य स्तम्भक गुटीका	२५	१००
,, ,, अस्थि	२६	१००
,, ,, दीपक	२७	१०१
द्रावण लेप (प्रथम)	२८	१०१
द्यूत तथा वादविजय मूल	२९	१०१
रतिदायक लेप	३०-३१	१०१-२
द्रावण लेप द्वित्तीय	३२-३३	१०२
,, जलूका	३४-३७	१०२-३
शाकिनी हरण तिलक	३८	१०३
दिव्य स्तम्भक चूर्ण	३९	१०३
अग्नि तथा तुला स्तम्भन	४०	१०४
अच्छा रोजगार चलाना	४१	१०४
गर्भ निवारण	४२	१०४

दशम परिच्छेद (गारुडाधिकार)

विषय	श्लोक	पृष्ठ
गारुड़ विद्याके आठ अंग	१	१०५
(१) सग्रह विधान	२-४	१०५-६
(२) अग न्यास विधान	५	१०६-७
(३) रक्षा विधान	६	१०७
(४) स्तोभन विधान	७	१०७
(५) स्तम्भन विधान	८	१०७
(६) विषनाशन विधान	९	१०८
(७) सचोद्य विधानमें		
विष संक्रमण मन्त्र	१०	१०८
नागावेशन मन्त्र	११	१०८
विषनाशन मन्त्र प्रथम	१२	१०८
,, ,, ,, द्वितीय	१९	१०९
आठ प्रकारके नागोंका वर्णन	१४-१६	१०९-१०
विषोंका लक्षण	१७-१८	११०
विषहरण मत्र	१९-२१	११०-११
नागाकर्षण मत्र	२२	१११
नागप्रेषण मंत्र	२३-२५	११२
दूतको गिराकर रोगीको अच्छा करना	२६	११३
दष्टपातन और पटाच्छादन मत्र	२७-२८	११२
निर्विषकरण मत्र	२९	११४
नागको साथर चलाना	३०	११५
सर्पके मुखको कीलनेका मंत्र	३१	११५
सर्पकी गतिको कीलनेका मंत्र	३१	११५
सर्पकी दृष्टिको कीलनेका मंत्र	३१	११५
सर्पको कुण्डलाकार बनानेका मंत्र	३२	११६

विषय	श्लोक	पृष्ठ
सर्पको घड़ेमें घुसानेका मंत्र	३२	११६
नाग स्तम्भक रेखाका मंत्र	३४	११६
(८) खटिका फणि दर्शन विधान	३५–३६	११६–१७
विष भक्षण मंत्र	३७	११७
विषसे शत्रु नाशन	३८	११७
विष नाशन तंत्र	३९	११८
बिच्छू विषनाशन तंत्र	४०	११८
घरमेंसे सर्प भगानेका यंत्र	४१	११८
शिष्यको विद्या देनेका विधान	४२–५२	११९–२२
ग्रन्थकारकी गुरुपरम्परा	५३–५७	१२३–२४
श्री पद्मावती सहस्रनाम स्तोत्रम्		१२६
श्री न्यास मंत्रम्		१४०
श्री जाप्य मंत्रम्		१४०
श्री पद्मावती कवचम्		१४०
श्री पद्मावती दण्डक स्तोत्रम्		१४४
श्री स्तुतिः		१४५
श्री पद्मावती स्तोत्रम्		१४७–५३
श्री पद्मावती छंद		१५४–६१
श्री पद्मावती अष्टक		१६४
श्री पद्मावती स्तुति		१६८
आरती पद्मावती माता		१७२

इति पंडिता कलावतीदेवी सरस्वती (धर्मपत्नी काव्यसाहित्यतीर्था-चार्य प्राच्यविद्यावारिधि श्री चन्द्रशेखर शास्त्री) कृत भैरव पद्मावतीकल्पकी विषयसूची समाप्त।

भैरव पद्मावती कल्पके ४६ यंत्रोंकी सूची

यंत्र संख्या	यंत्रका नाम	अध्याय	श्लोक
१–	अनुष्ठानमें पास रखनेका यंत्र	३	१४–२४
२–	होमकुण्डमें गाड़नेका यंत्र	३	३६
३–	वशीकरण चिंतामणि यंत्र	३	४१
४–	मोहनमें ह्री रंजिका यंत्र	४	१–४
५–	आकर्षणमें ह्रीं रंजिका यंत्र	,,	५
६–	प्रतिपधक ह्रू रंजिका यंत्र	,,	६
७–	विद्वेषक यं रंजिका यंत्र	,,	७–८
८–	शत्रु उच्चाटनमें यः रंजिका यंत्र	,,	९–१०
९–	उच्चाटनमे ह्र रंजिका यंत्र	,,	११–१२
१०–	उच्चाटनमें फट् रंजिका यंत्र	,,	१३–१४
११–	शत्रुके छेदन-भेदन और निग्रहमें रंजिका यंत्र	,,	१५–१६
१२–	वशीकरणमें ई रंजिका यंत्र	,,	१७–१८
१३–	स्त्री सौभाग्यमें क्ष लपट् रंजिका यन्त्र	,,	१९–२०
१४–	स्तम्भनमें लं रंजिका यंत्र	,,	२१
१५–	ग्रहादि शांतिमें श्री रंजिका यंत्र	,,	२२
१६–	अग्निस्तम्भक यंत्र प्रथम	५	१–२
१७–	अग्निस्तम्भक यंत्र द्वितीय	,,	४
१८–	दिव्य जल स्तम्भन यंत्र	,,	२१
१९–	दिव्य तुला स्तम्भन यंत्र	,,	२१
२०–	दिव्य सर्प स्तम्भन	,,	२१
२१–	दिव्य पक्षी स्तम्भन यंत्र	,,	२१
२२–	क्रोध, गति, सेना और जिह्वा स्तम्भक वार्तालि यंत्र	,,	६–१०

यंत्र संख्या यंत्रका नाम	अध्याय	श्लोक
२३– दिव्य वस्तु स्तम्भक यंत्र	५	११–१४
२४– सेना स्तम्भक यंत्र	,,	१५–२२
२५– इष्टांगनाकर्षण यंत्र प्रथम	६	१–३
२६– इष्टांगनाकर्षण यंत्र द्वितीय	,,	४–५
२७– स्त्री आकर्षण यंत्र तृतीय	,,	६–८
२८– स्त्री आकर्षण यंत्र चतुर्थ	,,	९–११
२९– स्त्री आकर्षण यंत्र पंचम	,,	१२–१८
३०– स्त्री आकर्षण यंत्र षष्ठ	,,	१९
३१– दाहज्वर शांत करनेका यंत्र	७	१–५
३२– वश्य यंत्र प्रथम	,,	६–८
३३– वश्य यंत्र द्वितीय	,,	९–१०
३४– वश्य यंत्र तृतीय	,,	११–१३
३५– वश्य यंत्र चतुर्थ	,,	१४–१६
३६– वश्य यंत्र पंचम	,,	१८–१९
३७– वश्य यंत्र षष्ठ (त्रैलोक्यक्षोभण यंत्र)	,,	२०–२१
३८– स्त्री वशीकरण ध्यान	,,	२७–२८
३९– ज्वर हरण यंत्र	,,	३६
४०– दीपक निमित्त सुन्दरी यंत्र	,,	१९–२१
४१– ग्रह हरण यंत्र	,,	२४–२५
४२– युद्धमें अर्द्धेन्दुत्रिशूल चक्र प्रथम	,,	३०–३१
४३– युद्ध अर्द्धेन्दुत्रिशूल चक्र द्वितीय	,,	,,
४४– सर्प विषरक्षक यंत्र	१०	६
४५– सर्प निवारक यंत्र	,,	४१
४६– शिष्यको विद्या देनेका यंत्र	,,	४४–४६

ॐ

श्री मल्लिषेणसूरिविरचित-

भैरव पद्मावतीकल्प

भाषाटीका सहित

प्रथम परिच्छेद

मंगलावरण

कमठोपसर्गदलनं त्रिभुवननाथं प्रणम्य पार्श्वजिनम् ।
वक्ष्येऽभीष्टफलप्रदभैरवपद्मावतीकल्पम् ॥ १ ॥

भाषा टीका—कमठके किये हुये उपसर्गको नष्ट करनेवाले, तीन लोकके स्वामी, पार्श्वनाथ भगवानको नमस्कार करके अभीष्ट फलकी सिद्धिको देनेवाले भैरव पद्मावतीकल्पको कहूंगा।

पाशफलवरदगजवशकरणकरा पद्मविष्टरा पद्मा ।
सा मां रक्षतु देवी त्रिलोचना रक्तपुष्पाभा ॥ २ ॥

भा० टी०—हाथोंमें पाश, फल, वरदान और अंकुशवाली, कमलके आसनवाली, तीन नेत्रवाली और रक्त पुष्पके समान कान्तिवाली देवी पद्मावती मेरी रक्षा करें।

पद्मावतीके नाम

तोतला त्वरिता नित्य त्रिपुरा कामसाधनी ।
देव्या नामानि पद्मायाः तथा त्रिपुरभैरवी ॥ ३ ॥

भा० टी०—देवी पद्मावतीके निम्नलिखित नाम हैं-तोतला, त्वरिता, नित्या, त्रिपुरा, कामसाधनी और त्रिपुरभैरवी ।

ग्रन्थकी अनुक्रमणिका

आदौ साधकलक्षणं सुसकलीं देव्यर्चनायाः क्रमम् ।
पश्चाद्द्वादशयन्त्रभेदकथनं स्तम्भाङ्गनाकर्षणम् ॥
यन्त्रं वश्यवरं निमित्तमपरं वश्यौषध गारुड ।
वक्ष्येऽहं क्रमशो यथा निगदितान् कल्पेऽधिकारान्दश ॥ ४ ॥

भा० टी०—(१) आदिमें साधकके लक्षण, (२) सकलीकरण क्रिया, (३) देवीके पूजनका विधान, (४) द्वादश यंत्र भेद कथन, (५) स्तंभन, (६) स्त्री आकर्षण, (७) वश्यकर्मके यत्र, (८) दर्पणादि निमित्ताधिकार, (९) वशीकरण करनेकी औषधियां तथा (१०) गारुडाधिकारको मैं पूर्व आचार्योंके अनुसार कहूंगा ।

इति दशविधाधिकारैर्ललिताऽऽर्याश्लोकगीतिसद्वृत्तैः ।
विरचयति मल्लिषेणः कल्पं पद्मावतीदेव्याः ॥ ५ ॥

भा० टी०—इसप्रकार मल्लिषेण आचार्य इस पद्मावतीकल्पको सुन्दर आर्या, गीति और श्लोक रूप अच्छेर छन्दोंसे दश अधिकारोंमें कहेंगे ।

मन्त्री (साधक) के लक्षण

निर्जितमदनाटोपः प्रशमितकोपो विमुक्तविकथालापः ।
देव्यर्चनानुरक्तो जिनपदभक्तो भवेन्मंत्री ॥ ६ ॥

भा० टी०—जिसने कामदेवको जीत लिया हो और जो शांत क्रोधवाला, विकथाओंका त्यागी, देवीके पूजनका प्रेमी और श्री भगवान् जिनेन्द्रदेवके चरणोंका भक्त हो वही मन्त्री हो सकता है ॥ ६ ॥

मन्त्राराधनशूरः पापविदूरो गुणेन गम्भीरः ।
मौनी महाभिमानी मन्त्री स्यादीदृशः पुरुषः ॥ ७ ॥

भा० टी०—जो मन्त्र सिद्ध करनेमें वीर, पाप रहित, गुणोंसे गम्भीर, मौनी और महा अभिमानी हो, ऐसा पुरुष मन्त्री हो सकता है ।

गुरुजनहितोपदेशो गततन्द्रो निद्रया परित्यक्तः ।
परिमितभोजनशीलः स स्यादाराधको देव्याः ॥ ८ ॥

भा० टी०—जो गुरुजनोंसे उपदेश पाया हुआ, तन्द्रा रहित, निद्राको जीतनेवाला, और कम भोजन करनेवाला हो वही देवीका आराधक हो सकता है ।

निर्जितविषयकषायो धर्मामृतजनितहर्षगतकायः ।
गुरुवरगुणसम्पूर्णः स भवेदाराधको देव्याः ॥ ९ ॥

भा० टी०—जिसने विषय और कषायोंको जीत लिया हो, जिसके शरीरमें धर्मरूप अमृतसे उत्पन्न हुआ हर्ष भरा हो तथा जो सुन्दर२ गुणोंसे पूर्ण हो वह देवीका आराधक होता है ॥९॥

शुचिः प्रसन्नो गुरुदेवभक्तो दृढव्रतः सत्यदयासमेतः ।
दक्षः पटुर्बीजपदावधारी मन्त्री भवेदीदृश एवं लोके ॥१०॥

भा० टी०—जो पवित्र, प्रसन्न, गुरु और देवका भक्त, दृढ़ व्रतवाला, सत्यभाषी, दयालु, बुद्धिमान्, चतुर और बीजाक्षरोंका निश्चय करनेवाला हो ऐसा व्यक्ति ही लोकमें मन्त्री हो सकता है।

एते गुणा यस्य न सन्ति पुंसः, क्वचित्कदाचिन्न भवेत्स मन्त्री।
करोति चेद्दर्पवशात्स जाप्यं, प्राप्नोत्यनर्थं फणिशेखरायाः ॥११॥

अर्थ—जिस पुरुषमें यह गुण न हों वह कहीं भी और कभी भी मन्त्री नहीं हो सकता, यदि ऐसा पुरुष अभिमानसे जाप करता है तो वह देवी पद्मावतीसे हानिको प्राप्त होता है।

इति भैरव पद्मावतीकल्पकी भाषा टीकामें मन्त्रीलक्षणाधिकार नामका प्रथम परिच्छेद समाप्त।

द्वितीय परिच्छेद

सकलीकरण क्रिया

स्नात्वा पूर्वं मन्त्री प्रक्षालितरक्तवस्त्रपरिधानः।
सम्मार्जितप्रदेशे स्थित्वा सकलीक्रियां कुर्यात् ॥ १ ॥

भा० टी०—मन्त्री पहिले स्नान करके, धुले हुये लाल वस्त्र पहिनकर लिपे पुते साफ स्थानमें बैठकर सकलीकरणकी क्रिया करे।

ह्रां वामकरांगुष्ठे तर्जन्यां ह्रीं च मध्यमायां ह्रूं।
ह्रौं पुनरनामिकायां कनिष्ठिकायां च ह्रः स्यात् ॥ २ ॥

भा० टी०—बांए हाथके अंगूठेमें ह्रां, तर्जनीमें ह्रीं, मध्यमामें ह्रूं, अनामिकामें ह्रौं और कनिष्ठामें ह्रः बीजको स्थापित करे।

पञ्चनमस्कारपदैः प्रत्येकं प्रणवपूर्वहोमान्त्यैः ।
पूर्वोक्तपञ्चशून्यैः परमेष्ठिपदाग्रविन्यस्तैः ॥ ३ ॥
शीर्षं वदनं हृदयं नाभिं पादौ च रक्षन् रक्षेत्येवम् ।
कुर्यादेतैर्मन्त्री प्रतिदिवसं स्वाङ्गविन्यासम् ॥ ४ ॥

भा० टी०—फिर पंचनमस्कार मंत्रके पदोंसे प्रत्येककी आदिमें ॐ और अन्तमें स्वाहा लगाकर, उन नमस्कार मन्त्रके परमेष्ठि-पदोंके सामने क्रमसे उपरोक्त पांचों शून्य बीजों (ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः) को लगाकर उनमें क्रमसे सिर, मुख, हृदय, नाभि और पैरोंसे वाचक पदोंको लगाकर 'रक्ष रक्ष' लगाता हुआ प्रतिदिन अपने अंगोंका न्यास करे।

ॐ णमो अरहन्ताणं ह्रां पद्मावतिदेवि मम शीर्षं रक्ष रक्ष स्वाहा।
ॐ णमो सिद्धाणं ह्रीं पद्मावतिदेवि मम वदनं रक्ष रक्ष स्वाहा।
ॐ णमो आइरियाणं ह्रूं पद्मावतिदेवि मम हृदयं रक्ष रक्ष स्वाहा।
ॐ णमो उवज्झायाणं ह्रौं पद्मावतिदेवि मम नाभिं रक्ष रक्ष स्वाहा।
ॐ णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः पद्मावतिदेवी मम पादौ रक्ष रक्ष स्वाहा।

द्विचतुःषट्चतुर्दशकलाभिरन्त्यस्वरेण बिन्दुयुतैः ।
कूटैर्दिग्विन्यस्तैः दिशासु दिग्बन्धनं कुर्यात् ॥ ५ ॥

भा० टी०—फिर 'ॐ आं ईं ऊँ औं अः क्षां क्षीं क्षूं क्षौं क्षः पूर्वादि दिशाबन्धनं करोमि' इस मंत्रसे दिशाओंका बन्धन करे।

हेममयं प्रकारं चतुरस्रं चिन्तयेत्समुत्तङ्गम् ।
विंशतिहस्तं मंत्री सर्वस्वरसंयुतैः शून्यैः ॥ ६ ॥

भा० टी०—फिर मंत्री "ह हा हि ही हु हू हृ हॄ ह्लृ ह्लॄ हे है हो हौ हं हः।" इन बीजोंसे स्वर्णमय बड़े ऊंचे बीस हाथ प्रमाण चौकोर प्राकारका चिन्तवन करे!

सर्वस्वरसम्पूर्णैः कूटैरपि खातिकाकृतिं ध्याये-
न्निर्मलजलपरिपूर्णामतिभीषणजलचराकीर्णाम् ॥ ७ ॥

भा० टी०—फिर निम्नलिखित बीजोंसे निर्मल जलसे परिपूर्ण, अत्यन्त भयानक जलचरोंसे भरी हुई खाईके आकारका ध्यान करे। वह बीज यह है—

'क्ष क्षा क्षि क्षी क्षु क्षू क्षृ क्षॄ क्ष्लृ क्ष्लॄ क्षे क्षै क्षो क्षौ क्षं क्षः।

ज्वलदोङ्काररकारज्वालादग्धं स्वमग्निपुरसंस्थम्।
ध्यात्वाऽमृतमन्त्रेण स्नानं पश्चात् करोत्वमुना।

भा० टी०—फिर अग्नि मण्डलमें बैठे हुए अपने आपको जलते हुए ॐ और रकारकी लपटोंसे जला हुआ ध्यान करके निम्नलिखित अमृत मंत्रसे स्नान करे।



अमृत मन्त्र

"ॐ ह्रीं अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणि अमृतं स्रावय२ सं२ क्लीं२ ब्लूं२ द्रां द्रीं द्रावय२ सं हं क्ष्वीं क्ष्वीं हंसः अ सि या उ सा सर्वमिदममृतं भवतु स्वाहा।

निजोत्तमाङ्गामरभूधराग्रे संस्नापितः पार्श्वजिनेन्द्रचन्द्रः ।
क्षीराब्धिदुग्धेन सुरेन्द्रवृन्दैः संचिन्तयेत्तज्जशुद्धगात्रम् ॥९॥

भा० टी०—फिर अपने शिरको उत्तम सुमेरुपर्वतके पाण्डुक वनकी पांडुकशिला कल्पना करे और उसपर देवताओंके समूहके द्वारा क्षीरसागरके दुग्धके समान जलसे स्नान कराये हुये श्री पार्श्वनाथ भगवानके स्नानके जलसे (गंधोदकसे) अपनेको शुद्ध शरीरवाला कल्पना करे।

भूतग्रहशाकिन्यो ध्यानेनानेन नोपसर्पन्ति ।
अपहरति पूर्वसञ्चितमपि दुरितं त्वरितमेवेह ॥ १० ॥

भा० टी०—इस ध्यानके करनेसे भूत, ग्रह और शाकिनियां कभी भी उपसर्ग नहीं करतीं। बल्कि इसके ध्यानसे पूर्व संचित पाप भी उसी समय नष्ट हो जाते हैं।

पर्यङ्कासनसंस्थः समीपतरवर्तिपूजनद्रव्यः ।
दिग्वनितानां तिलक स्वस्य च कुर्यात्सुचन्दनतः ॥ ११ ॥

भा० टी०—पर्यङ्कासनसे वैठा हुआ अपने समीप पूजनके आठों द्रव्योंको रखकर चन्दनसे दिशारूपी बाहुओंके और अपने तिलक करे।

पन्नगाधिपशेखरां विपुलारुणाम्बुजविष्टिरां ।
कुक्कुटोरगवाहनामरुणप्रभां कमलाननाम् ॥
त्र्यम्बकां वरदांकुशायतपाशदिव्यफलाङ्कितां ।
चिन्तयेत्कमलावती जपतां सतां फलदायिनीम् ॥ १२ ॥

भा० टी०—फिर शिरपर शेषनागवाली, अत्यन्त रक्तकमलके आसनवाली, कर्कोट नागके वाहनवाली, प्रातःकालीन सूर्यके समान अरुण प्रभावाली, कमलके समान मुखवाली, तीन नेत्रवाली, हाथोंमें वरदान, अंकुश, बड़े पाश और दिव्य फलवाली तथा जपनेवालोंको सदा फलको देनेवाली पद्मावतीका ध्यान करे।

अंशक परीक्षा

परिज्ञायांशकं पूर्वं साध्यसाधकयोरपि ।
मन्त्रं निवेदयेत्प्राज्ञो व्यर्थं तत्फलमन्यथा ॥ १३ ॥

भा० टी०—बुद्धिमान पुरुष मंत्र और मंत्रीके अंशोंको जानकर ही मन्त्रको बतलावे। अन्यथा वह मन्त्र व्यर्थ होता है।

साध्यसाधकयोर्नामानुस्वारं व्यंजनं स्वरम् ।
पृथक् कृत्वा क्रतात्स्थाप्यमूर्ध्वाधोप्रविभागतः ॥ १४ ॥

भा० टी०—मन्त्र और मंत्रीके नामके अनुस्वार, व्यंजन और स्वरोंको पृथक्कर करके ऊपर मंत्रके और नीचे मंत्रीके नामके अक्षरोंको रखे।

साध्यनामाक्षरं गण्यं साधकाह्वयवर्णतः ।
नपुंसकं परित्यज्य कुर्यात्तद्वेदभाजितम् ॥ १५ ॥

भा० टी०—मन्त्रीके नामके अक्षरोंसे मन्त्रके नामके अक्षरोंको ऋ ॠ ऌ ॡ को छोड़ गिने। और उनको जोड़कर चारका भाग दे।

आयो भागोद्धरितं त चाद्यं स्थापयेत्क्रमाद्धीमान् ।
एकद्वित्रिचतुर्णो सिद्धं साध्यं सुसिद्धमरिम् ॥ १६ ॥

भा० टी०—फिर आय (भागफल) में भाग देकर निकले हुये शेषको बुद्धिमान् आदिमें एक पंक्तिमें रखे। यदि वह एक हो तो सिद्ध, दो हो तो साध्य, तीन हो तो सुसिद्ध और चार अर्थात् शून्य हो तो शत्रु जानना चाहिये।

सिद्धसुसिद्धं ग्राह्यं साध्य शत्रुं च वर्जयेद्धीमान्।
सिद्धसुसिद्धे फलदे विफलं साध्येरिवापाये ॥ १७ ॥

भा० टी०—इनमेसे बुद्धिमान् सिद्ध और सुसिद्ध मंत्रको ग्रहण करले और साध्य तथा शत्रुको छोड़ देवे। क्योंकि सिद्ध और सुसिद्ध फलको देते हैं तथा साध्य और शत्रु हानि करते हैं।

फलद कतिपयदिवसैः सिद्ध चेत्साध्यमपि दिनैर्बहुभिः।
झटिति फलद सुसिद्धं प्राणार्थविनाशनाशनः शत्रुः ॥१८॥

भा० टी०—सिद्ध कुछ दिनोंमें ही सिद्ध हो जाता है, साध्य बहुत दिनोंमें सिद्ध होता है, सुसिद्ध शीघ्र फल देता है, तथा शत्रु प्राण और प्रयोजन दोनोंका ही नाश करता है।

आदावन्ते शत्रुर्यदि भवति तदा परित्यजेन्मन्त्रम्।
स्थानत्रितये शत्रुर्मृत्युः स्यात्कार्यहानिर्वा ॥ १९ ॥

भा० टी०—यदि मन्त्र आरम्भ करनेपर आदिमें अथवा मंत्रके अन्तमें शत्रु हों तो मन्त्रको छोड़ दे। यदि आदि, मध्यम और अन्त तीनों स्थानोंमे शत्रु हो तो या तो कार्यका नाश होता है या अपनी मृत्यु हो।

शत्रुर्भवति यदाऽऽदौ मध्ये सिद्धं तदन्तरं साध्यम्।
कष्टेन भवत्येव हि सिद्धिर्लभते फल अल्पम् ॥ २० ॥

भा० टी०—यदि मन्त्रके आदिमें शत्रु और मध्यमें सिद्ध हो तो उसको देरसे सिद्ध करना चाहिये। ऐसा मन्त्र सिद्ध तो बहुत कष्टसे होता ही है पर फल भी बहुत कम देता है।

अन्ते यदि भवति रिपुः प्रथमे मध्ये च सिद्धयुगपतनम्।
कार्यं यदादिजात तन्नश्यति सर्वमेवान्ते ॥ २१ ॥

भा० टी०—यदि मन्त्रके अन्तमें शत्रु हो और आदि तथा मध्यमें सिद्ध हो तो जो कार्य आदिमें सिद्ध होगा वह अन्तमें नष्ट हो जावेगा।

सिद्धं सुसिद्धमथवा रिपुणान्तरितं निरीक्ष्यते यत्र।
दुःखापायप्रबलं भवतीति विवर्जयेत्कार्यम् ॥ २२ ॥

भा० टी०—मन्त्रमें सिद्ध, सुसिद्ध अथवा शत्रुका विघ्न पहिले ही देखकर यदि अधिक दुःख या हानि होता हो तो उस कार्यको छोड़ दे।

इति भैरव पद्मावतीकल्पकी भाषा टीकामें 'सकलीकरण' नामका द्वितीय परिच्छेद समाप्त।

तृतीय परिच्छेद

देवीकी आराधनविधि

मन्त्रोंको जपमें गून्थनेके भेद

दीपनपल्लवसम्पुटरोधग्रथनविदर्भणैः कुर्यात्।
शान्तिद्वेषवशीकृतिवधरत्याकृष्टिसंस्तम्भम् ॥ १ ॥

भा० टी०—दीपनसे शान्ति, पल्लवसे विद्वेषण, सम्पुटसे

वशीकरण, रोधनसे मारण, ग्रथनसे स्त्री आकर्षण और विदर्भणसे क्रोधादिका स्तम्भन करे।

आदौ नामनिवेशो दीपनमन्ते च पल्लवो ज्ञेयः।
तन्मध्यगतं सम्पुटमथादिमध्यान्तगोरोधः ॥ २ ॥

भा० टी०—मन्त्रकी आदिमें नाम रखना दीपन कहलाता है, अन्तमें रखना पल्लव कहलाता है। नामके आदि और अन्तमें मन्त्रको रखना सम्पुट कहलाता है। मन्त्रके आदि, मध्य और अन्तमें नामको रखना रोधन कहलाता है।

ग्रथनं वर्णान्तरितं द्व्यक्षरमध्यस्थितो विदर्भः स्यात्।
षट्कर्मकरणमेतज्ज्ञात्वाऽनुष्ठानमाचरेन्मन्त्री ॥ ३ ॥

भा० टी०—मन्त्रके एक एक अक्षरके पश्चात् नामको रखकर गून्थ देना ग्रथन कहलाता है। दो दो अक्षरोंके पश्चात् नामको रखना विदर्भ कहलाता है। यह षटकर्म हैं। मन्त्री इनको जानकर ही अनुष्ठानको आरम्भ करे।

मन्त्रोंकी सामान्य साधनविधि

दिक्कालमुद्रासनपल्लवानां भेदं परिज्ञाय जपेत्स मंत्री।
न चान्यथा सिध्यति तस्य मन्त्रं कुर्वन्सदा तिष्ठतु जाप्यहोमम् ॥४॥

भा० टी०—मन्त्री दिशा, काल, मुद्रा, आसन और पल्लवोंके भेदको जानकर ही जप आरम्भ करे, अन्यथा चाहे कितना ही जप और होम करे, सिद्धि नहीं होती।

वश्याकृष्टिस्तम्भननिषेधविद्वेषचलनशांतिकपुष्टिः।
कुर्यात्सोमयमामरहराग्निमरुदग्निनिरितिदिग्वदनः ॥ ५ ॥

भा० टी०—वशीकरण कर्मको उत्तराभिमुख होकर, आकर्षण कर्मको दक्षिणाभिमुख होकर, स्तम्भन कर्मको पूर्वाभिमुख होकर, निषेधकर्मको ईशानाभिमुख होकर, विद्वेषण कर्मको अग्निकोणकी ओर मुख करके, उच्चाटन कर्मको वायव्यकोणकी ओर मुख करके, शांतिकर्मको पश्चिमकी ओर मुख करके, तथा पुष्टिकर्मको नैऋत्यकोणकी ओर मुख करके करे।

पूर्वाह्णे वश्यकर्माणि मध्याह्ने प्रीतिनाशनम् ।
उच्चाटनमपराह्णे च सन्ध्यायां प्रतिषेधनम् ॥ ६ ॥

भा० टी०—वशीकरण, आकर्षण और स्तम्भन कर्मोंको दिनके बारह बजेसे पहिले (वसन्तऋतुमें), विद्वेषण कर्मको मध्याह्न (ग्रीष्मऋतु) में, उच्चाटनको दोपहर बाद अपराह्ण (वर्षाऋतु) में, और प्रतिषेध कर्मको संध्या समय (शरत्ऋतु) में करे।

शान्तिकमर्द्धरात्रौ च प्रभाते पौष्टिकं तथा ।
वश्यं मुक्त्वाऽन्यकर्माणि सव्यहस्तेन योजयेत् ॥ ७ ॥

भा० टी०—शांति कर्मको आधी रात (हेमन्तऋतु) में, और पौष्टिक कर्मको प्रातःकाल (शिशिरऋतु) में करे, वशीकरणके अतिरिक्त अन्य कार्योंको दाहिने हाथसे करे।

अङ्कुशसरोजबोधप्रवालशङ्खवज्रमुद्राः स्युः ।
आकृष्टिवश्यशांतिकविद्वेषणरोधवधसमये ॥ ८ ॥

भा० टी०—आकर्षण कर्ममें अंकुशमुद्रा, वशीकरणमें सरोज (कमल) मुद्रा, शांतिक पौष्टिक कर्ममें ज्ञान मुद्रा, विद्वेषण उच्चाटन

कर्ममें पवाल अर्थात् पल्लव मुद्रा, स्तंभन कर्ममें शंख मुद्रा, और मारण कर्ममें वज्र मुद्रा रखे ।

दण्डस्वस्तिकपङ्कजकुकुलिशोद्भद्रपीठानि ।
उदयार्करक्तशशधरधूम्रहरिद्राऽसितो वर्णः ॥ ९ ॥

भा० टी०—आकर्षण कर्ममें दण्डासन, वशीकरणमें स्वस्तिक आसन, शांतिक पौष्टिक कर्ममें कमलासन, विद्वेषण उच्चाटन कर्ममें कुक्कुट आसन, स्तम्भन कर्ममें वज्रासन और निषेध अथवा मारण कर्ममें विस्तीर्ण भद्र आसनका प्रयोग करे ।

आकर्षण कर्ममें उदय होते हुये सूर्यके जैसा वर्ण, वश्य कर्ममें रक्तवर्ण, शांतिक पौष्टिक कर्ममें चन्द्रमाके समान सफेदवर्ण, विद्वेषण उच्चाटन कर्ममें धूम्रवर्ण, स्तम्भनमें हल्दीके समान पीतवर्ण, और निषेध तथा मारण कर्ममें कृष्णवर्णका प्रयोग करे ।

विद्वेषणाऽऽकर्षणचालनेषु हुं वौषडन्तं फडिति प्रयोज्यम् ।
वश्ये वषट्वैरिवधे च घे घे स्वाहा स्वधा शांतिकपौष्टिके च ॥ १० ॥

भा० टी०—विद्वेषणमें हुं, आकर्षणमें संवौषट्, उच्चाटनमें फट्, वशीकरणमें वषट्, शत्रुके वधमें घे घे, स्तम्भनमें ठः ठः, शांति कर्ममें स्वाहा और पौष्टिक कर्ममें स्वधा नामके पल्लवका प्रयोग करे ।

स्फटिकप्रवालमुक्ताचामीकरपुत्रजीवकृतमणिभिः ।
अष्टोत्तरशतजाप्यं शान्त्याद्यर्थे करोतु बुधः ॥ ११ ॥

भा० टी०—शांतिकर्ममें स्फटिकमणि, वशीकरणमें प्रवालमणि (मूंगा), पौष्टिककर्ममें मोती, स्तम्भनकर्ममें स्वर्णकी बनी हुई मणि

तथा विद्वेषणकर्ममें उच्चाटन और प्रतिषेधकर्ममें पुत्रजीवकी बनाई हुई मणिसे १०८ जप करे।

मोक्षाभिचारशान्तिकवश्याकर्षेषु योजयेत्क्रमशः।
अंगुष्ठाद्यंगुलिका मणयोऽगुष्ठेन चाल्यन्ते ॥ १२ ॥

भा० टी०—उन मणियोंको मोक्षकी इच्छावाला अंगूठे, अभिचार कर्ममें तर्जनी, शांतिक तथा पोष्टिककर्ममें मध्यमा, वशीकरणमें अनामिका और आकर्षण कर्ममें कनिष्ठासे चलावे।

पीतारुणासितैः पुष्पैः स्तम्भनाकृष्टिमारणे।
शान्तिकपौष्टिकयोः श्वेतैः जपेन्मंत्रं प्रयत्नतः ॥ १३ ॥

भा० टी०—स्तम्भनमें पीले और आकर्षणमें वनके लाल पुष्पो तथा मारणमें काले पुष्पोंसे शांतिक और पौष्टिक कर्ममें वनके काले पुष्पोंसे यत्नपूर्वक जप करे।

पद्मावतीको सिद्ध करनेका विधान

अनुष्ठानमें समीप रखनेका यंत्र

चतुरस्त्र विस्तीर्णं रेखात्रयसंयुतं चतुर्द्वारम्।
विलिखेत्सुरंभिद्रव्यैर्यन्त्रमिदं हेमलेखिन्या ॥ १४ ॥

भा० टी०—इस यन्त्रको सोनेकी कलमसे सुगन्धित द्रव्योंसे चौकोर, विस्तीर्ण, तीन रेखा सहित चार द्वारवाला बनावे।

धरणेन्द्राय नमोऽधःच्छदनाय नमस्ततोर्द्ध्वच्छदनाय नमः।
पद्मच्छदनाय नमो मन्त्रान्वेदादिमायाद्यान् ॥ १५ ॥

भा० टी०—इस मन्त्रके पूर्वद्वारपर 'ॐ ह्रीं धरणेन्द्राय नमः', दक्षिण द्वारपर 'ॐ ह्रीं अधःच्छदनाय नमः', पश्चिम द्वारपर 'ॐ ह्रीं ऊर्द्ध्वच्छदनाय नमः' तथा उत्तर द्वारपर 'ॐ ह्रीं पद्मच्छदनाय नमः' मन्त्रोंको—

प्रविलिख्यैतान्क्रमशः पूर्वादिद्वारपीठरक्षार्थम् ।
दशदिक्पालान्विलिखेदिन्द्रादीन् प्रथमरेखान्ते ॥ १६ ॥

भा० टी०—पूर्वादि द्वारोंके आसनोंकी रक्षाके लिये उनर द्वारोंपर क्रमशः लिखे, फिर प्रथम रेखाके अन्तमें निम्नलिखित प्रकारसे दश दिक्पालोंको लिखे ।

लरशषवयसहवर्णान्सबिन्दुकानष्टदिक्पतिसमेतान् ।
प्रणवादिनमोऽन्तगतानोंह्रीमधः ऊर्द्ध्वच्छदनसंज्ञे च ॥ १७ ॥

भा० टी०—उन दशों दिक्पालोंको दिशाओंमें लिखनेका क्रम यह है—

पूर्व—ॐ ह्रीं लं इन्द्राय नमः ।
अग्नि—ॐ ह्रीं रं अग्नये नमः ।
दक्षिण—ॐ ह्रीं शं यमाय नमः ।
नैऋत्य—ॐ ह्रीं षं नैऋत्याय नमः ।
पश्चिम—ॐ ह्रीं वं वरुणाय नमः ।
वायव्य—ॐ ह्रीं यं वायव्याय नमः ।
उत्तर—ॐ ह्रीं सं कुबेराय नमः ।
ईशान—ॐ ह्रीं हं ईशानाय नमः ।
नीचे—ॐ ह्रीं अधःच्छदनाय नमः ।
ऊपर—ॐ ह्रीं ऊर्द्ध्वच्छदनाय नमः ।

दिक्षु विदिक्षु क्रमशो जयादिजम्भादिदेवता विलिखेत् ।
प्रणवत्रिमूर्तिपूर्वा नमोऽन्ता मध्यरेखान्ते ॥ १८ ॥

UP MO

भा० टी०—मध्यकी रेखाके अन्तको विदिशाओंके आदिमें '‍ॐ ह्रीं' तथा अन्तमें 'नमः' लगाकर जया आदि और विदिशाओंमें जम्भा आदि देवियोंको लिखे ।

आद्या जया च विजया तथाजिता चापराजिता देव्यः ।
जम्भामोहास्तम्भास्तम्भिन्यो देवता एताः ॥ १९ ॥

उन देवियोंके नाम सहित निम्नलिखित मन्त्रोंको लिखे—

पूर्व—ॐ ह्रीं जयायै नमः ।
अग्नि—ॐ ह्रीं जम्भायै नमः ।
दक्षिण—ॐ ह्रीं विजयायै नमः ।
नैऋत्य—ॐ ह्रीं मोहायै नमः ।
पश्चिम—ॐ ह्रीं अजितायै नमः ।
वायव्य—ॐ ह्रीं स्तम्भायै नमः ।
उत्तर—ॐ ह्रीं अपराजितायै नमः ।
ईशान—ॐ ह्रीं स्तम्भिन्यै नमः ।

तन्मध्येऽष्टदलाम्भोजमनङ्गकमलाभिधाम् ।
विलिखेच्च पद्मगन्धां पद्मास्यां पद्ममालिकाम् ॥ २० ॥

मदनोन्मादिनीं पश्चात् कामोद्दीपनसंज्ञिकाम् ।
संलिखेत्पद्मवर्णाख्यां त्रैलोक्यक्षोभिणीं ततः ॥ २१ ॥

तेजो ह्रींकारपूर्वोक्ता नमः शब्दावसानगाः ।
अकारादि हकारान्तान्केशरेषु नियोजयेत् ॥ २२ ॥

भा० टी०—उसके बीचमें एक अष्टदल कमल बनाकर उसके आठों दलोंमें आदिमें 'ॐ ह्रीं' और अन्तमें नमः लगाकर 'अनङ्गकमला' आदि देवियोंको लिखे।

इसका मन्त्रोद्धार

पूर्व—ॐ ह्रीं अनङ्गकमलायै नमः ।
अग्नि—ॐ ह्रीं पद्मगन्धायै नमः ।
दक्षिण—ॐ ह्रीं पद्मास्यायै नमः ।
नैऋत्य—ॐ ह्रीं पद्ममालायै नमः ।
पश्चिम—ॐ ह्रीं मदनोन्मादिन्यै नमः ।
वायव्य—ॐ ह्रीं कामोद्दीपनायै नमः ।
उत्तर—ॐ ह्रीं पद्मवर्णायै नमः ।
ईसान—ॐ ह्रीं त्रैलोक्यक्षोभिण्यै नमः ।

भा० टी—फिर उस कमलकी कर्णिकामें परागके स्थानमें अकारसे लेकर हकार तकके सब वर्णोंको लिखे।

भक्तिपुतो भुवनेशः चतुः क्वायुक्तकूट मम देव्याः ।
वर्णचतुष्कनमोऽन्ताः स्थाप्याः आग्न्यादिदिक्षु पद्मबहिः ॥२३॥

उस कमलके बाहिर चारों दिशाओंमें निम्नलिखित मन्त्र लिखे—

पूर्व—ॐ ह्रीं क्षां पद्मावतीदेव्यै नमः।
दक्षिण—ॐ ह्रीं क्षीं पद्मावतीदेव्यै नमः।
पश्चिम—ॐ ह्रीं क्षूं पद्मावतीदेव्यै नमः।
उत्तर—ॐ ह्रीं क्षैं पद्मावतीदेव्यै नमः।

एतत्पद्मावतीदेव्या भवेद्वक्त्रचतुष्टयम्।
पञ्चोपचारतः पूजां नित्यमस्याः करोत्विति ॥ २४ ॥

भा० टी०—यह चारो मन्त्र पद्मावतीदेवीके चारों मुख हैं। इस यन्त्रका पूजन प्रतिदिन पांचों उपचारसे करना चाहिये।

यन्त्र संख्या १

अनुष्ठानमें पास रखनेका यन्त्र



पूजनके पांचों उपचार

आह्वाननं स्थापनं देव्या. सन्निधीकरणं तथा ।
पूजां विसर्जनं प्राहुर्बुधाः पञ्चोपचारकम् ॥ २५ ॥

भा० टी०—आह्वानन, स्थापन, सन्निधिकरण, पूजन और विसर्जनको पंडितोंने पञ्चोपचार पूजन कहा है।

ॐ ह्रीं नमोऽस्तु भगवति पद्मावति एहि एहि संवौषट् ।

कुर्यादमुनामत्रेणाह्वानमनुस्मरन् देवीम् ॥ २६ ॥

भा० टी०—पूजनके समय देवोंका ध्यान करता हुआ, उसका निम्नलिखित मंत्रसे आह्वानन करे।

ॐ ह्रीं नमोऽस्तु भगवति पद्मावति एहि एहि संवौषट् ।
(आह्वानन)

तिष्ठद्वितयं टान्तद्वयं च संयोजयेत् स्थितीकरणे ।
सन्निहिता भव शब्द मम वषडिति सन्निधिकरणे ॥२७॥

स्थापना करनेका मन्त्र

ॐ ह्रीं नमोऽस्तु भगवति पद्मावति तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः
(स्थापनम्) ।

इस मंत्रसे सन्निधिकरण करे।

ॐ ह्रीं नमोऽस्तु भगवति पद्मावति ममः सन्निहिता भव भव वषट् । (सन्निधिकरणम्)

गन्धादीन् गृह्ण गृह्णेति नमः पूजाविधानके ।
स्वस्थान गच्छगच्छेति जश्चिः स्यात्तद्विसर्जने ॥ २८ ॥

देवीके पूजनमें यह मंत्र पढ़े

ॐ ह्रीं नमोऽस्तु भगवति पद्मावति गन्धादीन् गृह्ण गृह्ण नमः।

विसर्जनमें निम्नलिखित मंत्र कहे—

ॐ ह्रीं नमोऽस्तु भगवति पद्मावति स्वस्थानं गच्छ गच्छ जः जः जः। (विसर्जनम्)

पूरकरेचकयोगादाह्वानविसर्जनं करोतु बुधः।
पूजाभिमुखीकरणस्थापनकर्माणि कुम्भकतः॥ २९॥

भा० टी०—पंडित पुरुष आह्वान पूरकसे, विसर्जन रेचकसे तथा शेष तीनों उपचारोंको कुम्भक प्राणायामसे करे।

पद्मावतीको सिद्ध करनेका मूल मंत्र

ब्रह्मादि लोकनाथं ह्रैंकारं व्योमषान्तमदनोपेतम्।
पद्मे च पद्मकटिनि नमोऽन्तगो मूलमन्त्रोऽयम्॥ ३०॥

पद्मावतीदेवीका निम्नलिखित मूल मन्त्र है—

'ॐ ह्रीं ह्रैं ह्र क्लीं पद्मे पद्मकटिनि नमः।'

सिध्यति पद्मादेवी त्रिलक्षजाप्येन पद्मपुष्पाणाम्।
अथवारुणकरवीरकसंवृतपुष्पप्रजाप्येन॥ ३१॥

भा० टी०—देवी पद्मावती लाल कमल अथवा लाल कनेरके ढके हुये पुष्पोंपर इस मन्त्रके तीन लक्ष जपसे सिद्ध होजाती है।

पद्मावतीका षडाक्षरी मन्त्र

ब्रह्ममाया च ह्रैंकारं व्योमक्लींकारमूर्द्धगम्।
श्रीं च पद्मे नमो मन्त्रं प्राहुर्विद्यां षडक्षरीम्॥ ३२॥

अथवा उस देवीका यह छह अक्षरोंका मन्त्र है—

"ॐ ह्रीं ह्रैं ह्र क्लीं श्रीं पद्मे नमः।"

पद्मावतीका त्र्यक्षर मंत्र

वाग्भवं चित्तनाथं च ह्रौंकारं षान्तमूर्द्धगम्।
बिन्दुद्वययुतं प्राहुर्बुधास्त्र्यक्षरिमामिमाम्॥ ३३॥

'ॐ ऐं क्लीं ह्सौं नमः' इस मन्त्रको विद्वानोंने त्र्यक्षर मन्त्र कहा है।

पद्मावतीका एकाक्षर मंत्र

वर्णान्तः पार्श्वजिनो यो रेफस्तलगतः स धरणेन्द्रः।
तुर्यस्वरः सबिन्दुः स भवेत्पद्मावती संज्ञः॥ ३४॥

यंत्र संख्या २

होमकुण्डमें गाडनेका यन्त्र



भा० टी०—वर्णोंका अंतिम अक्षर 'ह' पार्श्वनाथ भगवानका है। नीचे लगनेवाला 'र' धरणेन्द्रका है और 'ई' पद्मावती-देवीका है।

त्रिभुवनजनमोहकरी, विद्येयं प्रणवपूर्वनमनान्ता।
एकाक्षरीति संज्ञा जपतः फलदायिनी नित्यम् ॥ ३५ ॥

भा० टी०—यह 'ॐ ह्रीं नमः' एकाक्षर मन्त्र तीन लोकको मोहित करनेवाली और तुरन्त फल देनेवाली विद्या है।

होमविधि

तत्त्वावृतं नाम विलिख्य पत्रे तद्धोमकुण्डे निखनेत्त्रिकोणे।
स्मरेषुभिः पञ्चभिराभिवेष्ट्य. बाह्ये पुनर्लोकपति प्रवेष्यम् ॥ ३६ ॥

भा० टी०—एक ताम्रपत्रपर नामको ह्रींसे वेष्टित करके उसके चारों ओर कामदेवके पांच बाण 'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः' को लिखकर बाहिर ह्रींसे वेष्टित करे। इस यंत्रको उक्त त्रिकोण कुण्डमें गाड़ दे।

मधुरत्रिकसम्मिश्रितगुग्गुलकृतचणकमात्रावटिकानाम्।
त्रिंशत्सहस्रहोमात्सिध्यति पद्मावती देवी ॥ ३७ ॥

भा० टी० मधुरत्रिक (घी, दूध, शक्कर) में गूगलको मिलाकर बनाई हुई चनेके बराबर गोलियोंके तीस सहस्र होमसे पद्मावती-देवी सिद्ध होती है।

मन्त्रस्यान्ते नमश्शब्दं देवताऽऽराधनाविधौ।
तदन्ते होमकाले तु स्वाहा शब्दं नियोजयेत् ॥ ३८ ॥

भा० टी०—पहिले मंत्रके अन्तमें 'नमः' लगाकर देवीका जप करे। जपकी समाप्तिपर मन्त्रके अन्तमें 'स्वाहा' लगाकर होम करे। यह सिद्धिकी विधि है।

पार्श्वनाथ भगवानके यक्षकी साधनविधि

दशलक्ष जाप्य होमात्प्रत्यक्षो भवति पार्श्वयक्षोऽसौ।
न्यग्रोधमूलवासी श्यामाङ्गस्त्रिनयनो नूनम् ॥ ३९ ॥

भा० टी०—निम्नलिखित मन्त्रके दश लक्ष जाप और दशांश होमसे वटवृक्षके नीचे रहनेवाला, कृष्णवर्ण, तीन नेत्रवाला पार्श्वनाथ भगवानका यक्ष सिद्ध हो जाता है।

मंत्रोद्धार

'ॐ ह्रीं पार्श्वयक्ष दिव्यरूपमहर्षण एहि एहि आं क्रों ह्रीं नमः।'

निजसैन्यैर्मायामयसमुत्थितैर्वैरिलोकमग्रस्थम्।
विमुखीकरोति यक्षः संग्रामे निमिषमात्रेण ॥ ४० ॥

भा० टी०—यह यक्ष शत्रुकी बड़ी भारी सेनाको भी अपनी मायामय सेनाके द्वारा युद्धसे क्षणमात्रमें ही भगा देता है।

वशीकरण चिन्तामणि यन्त्र

सान्त विन्दूर्द्धरेफं बहिरपि विलिखेदायताष्टाब्जपत्रम्।
दिक्ष्वैं श्रीं स्मरेशो द्विपवशकरणं क्रौं तथा ब्लें पुनर्यूं ॥
बाह्ये ह्रीं नमोर्हं दिशिलिखितचतुर्बीजक होमयुक्तं।
मुक्तिश्रीवल्लभोऽसौ भुवनमपिवशं जायते पूजयेद्यः ॥ ४१ ॥

भा० टी०—एक अष्टदल कमलकी कर्णिकामें हं लिखकर उसके पूर्व आदि दिशाओंके दलोंमें क्रमशः ऐं श्रीं ह्रीं और क्रौं

लिखे। तथा विदिशाओंके दलोंमें क्रौं क्षौं व्लें और यूं लिखे। उसको बाहिर निम्न लिखित मन्त्रसे वेष्टित करदे।

'ॐ ह्रीं नमोऽर्हं ऐं श्रीं ह्रीं क्लीं स्वाहा।'

जो व्यक्ति इस चिन्तामणि नामके यन्त्रका पूजन करता है उसके वशमें सम्पूर्ण लोकके साथ२ मुक्तिरूपी स्त्री भी हो जाती है।

यन्त्र संख्या ३

वशीकरण चिन्तामणि यन्त्र



इति भैरवपद्मावतीकल्पकी भाषाटीकामें 'देवाराधनविधि' नाम तृतीय परिच्छेद समाप्त ॥ ३ ॥

चतुर्थ परिच्छेद

(द्वादशरञ्जिका यन्त्र विधान)

मोहनमें क्रौं रञ्जिका यन्त्र

यन्त्र संख्या ४



यह मोहन विधि मे क्रौं रंजिका मंत्र है।

द्वादशपत्राम्बुरुहं मलवरयूंकारसंयुतं कूटम् ।
तन्मध्ये नामयुत विलिखेत् क्रौंकारसंरुद्धव ॥ १ ॥

भा० टी०—एक द्वादश दल कमल बनाकर उनकी कर्णिकामें क्रौंसे रुके हुये तथा मध्यमें नाम सहित क्ष्म्ल्व्र्यूं बीजको लिखे।

विलिखेज्जयादिदेवी स्वाहान्तोऽङ्कारपूर्विकादिक्षु ।
झभमहपिण्डोपेता विदिक्षु जम्भादिकास्तद्वत् ॥ २ ॥

भा० टी०—उसके पूर्व आदि दिशाओंके दलोंमें जम्भादि देवियोंको आदिमें ॐ और अन्तमें नमः लगाकर लिखे। तथा विदिशाओंमें झ भ म ह के पिण्डों सहित जम्भा आदि देवियोंको लिखे।

मन्त्रोद्धार—

पूर्व—ॐ जयायै स्वाहा।
अग्नि—ॐ झ्ल्व्र्यूं जम्भायै स्वाहा।
दक्षिण—ॐ विजयायै स्वाहा।
नैऋत्य—ॐ भ्ल्व्र्यूं मोहायै स्वाहा।
पश्चिम—ॐ अजितायै स्वाहा।
वायव्य—ॐ म्ल्व्र्यूं स्तम्भायै स्वाहा।
उत्तर—ॐ अपराजितायै स्वाहा।
ईशान—ॐ ह्म्ल्व्र्यूं स्तम्भिन्यै स्वाहा।

उद्धरितदलेषु ततो मकरध्वजबीजमालिखेच्चतुर्षु ।
गजवशकरणनिरुद्धं कुर्यात्त्रिर्मायया ऽऽवेष्टम् ॥ ३ ॥

भा० टी०—दिशा तथा विदिशाओंके आठों पत्रोंका

मन्त्रोद्धार कर चुकने पर शेष चार दलोंमें मकरध्वज बीज (क्लीं) को लिखे।

अन्तमें इस यन्त्रको तीनवार माया (ह्रीं) से वेष्ठित करके इसका गजवशकरण (क्रों) से निरोध करे।

भूर्जे सुरभिद्रव्यैर्विलिख्य परिवेष्ट्य रक्तसूत्रेण।
निक्षिप्य शिल्पभाण्डे मधुपूर्णे मोहयत्यबलाम्॥ ४॥

भा० टी०—इस यन्त्रको सुगन्धित द्रव्योंसे भोज पत्र पर लिख कर, लाल धागेसे लपेटकर मधुसे भरे हुये कुम्हारके कच्चे बर्त्तनमें रखनेसे यह स्त्रीको मोहित करता है।

इसके मूल मन्त्रका उद्धार

'ॐ क्ष्म्ल्व्र्यूं क्लीं जये विजये अजिते अपराजिते झ्म्ल्व्र्यूं जम्भे झ्ल्व्र्यूं मोहे म्म्ल्व्र्यूं स्तम्भे ह्म्म्ल्व्र्यूं स्तम्भिनि अमुकां मोहय मोहय मम वश्यं कुरु२ आं ह्रीं क्रों वषट्।'

आकर्षणमें ह्री रंजिका यन्त्र

यन्त्र सं० ४	यन्त्र सं० ५	यन्त्र सं० ६
अबलामोहनविधौ क्लींरंजिकायंत्रं ॥ १	स्त्र्याकर्षणे क्रीं रंजिकायंत्रं ॥ २	प्रतिबंधकर्मणि क्रूं रंजिकायंत्रः ॥ ३
क्लीं ह्म्ल्व्र्यूं क्लीं	क्रीं ह्म्ल्व्र्यूं क्रीं	क्रूं ह्म्ल्व्र्यूं क्रूं
उपरोक्त यन्त्र	उपरोक्त यन्त्रमें बीचमें फारफेर	उपरोक्त यन्त्रमें बीचमें फारफेर

स्त्रीकपाले लिखेद्यंत्रं क्लीं स्थाने भुवनादिकम्।
त्रिसन्ध्यं तापयेद्रामाकृष्टिः स्यात्खदिराग्निना ॥ ५ ॥

भा० टी०—इस मन्त्रमें क्लींके स्थानमें ह्रीं रखकर इसको स्त्रीके कपालपर लिखकर खदिर (खैर) की अग्निसे प्रातः, मध्याह्न और सायंकालको तपावे तो स्त्रीका आकर्षण होता है।

यह आकर्षणमें ह्रीं रंजिका यन्त्र है—

प्रतिषेधक हुं रंजिका यन्त्र

मायास्थाने च हुंकारं विलिखेत् नरचर्मणि।
तापयेत्क्ष्वेडरक्ताभ्यां पक्षाद्दात्प्रतिपेधकृत् ॥ ६ ॥

भा० टी०—इस मन्त्रमें ह्रींके स्थानमें हु रखकर इसे मनुष्यचर्म पर विष और गधेके रुधिरसे (!) लिखकर एक पक्ष तक तपावे तो प्रतिषेधक होता है।

यह प्रतिषेध कर्ममें हुं रंजिका यन्त्र है—

यन्त्र संख्या ७

विद्वेषक यं रक्षिका यन्त्र



७ विद्वेषकरणयन्त्र

हुं स्थाने मान्तमालिख्य सरेफं नामसंयुतम् ।
विभितफलके यन्त्रं द्वयोरपि च मर्त्ययोः ॥ ७ ॥

भा० टी०—उपरोक्त यन्त्र हुं के स्थानमें विद्वेष कराये जानेवाले दोनों व्यक्तियोंके नाम सहित यं बीजको दो भिन्न बहेड़ेकी तख्तियों पर लिखे ।

वाजिमाहिषकेशैश्च विपरीतमुखस्तयोः ।

आवेष्ट्य स्थापयेद्‌भूम्यां विद्वेषं कुरुते तयोः ॥ ८ ॥

भा० टी०—फिर उन दोनों यन्त्रोंको घोड़े और भैंसके बालोंसे लपेटकर स्मशानभूमिमें परस्परमें पीठ मिलाकर गाड़नेसे दोनों व्यक्तियोंमें विद्वेष हो जाता है ।

यन्त्र संख्या ८

शत्रु उच्चाटनमें यः रञ्जिका यन्त्र



पूर्वोक्ताक्षरसंस्थाने लेखिन्याकाकपक्षयोः ।
'मान्त विसर्गसंयुक्तं प्रेताङ्गारविषारुणैः ॥ ९ ॥
घूकारिविष्टा संयुक्तैर्ध्वजे यन्त्र सनामकम् ।
लिखित्वोपरि वृक्षाणां बद्धमुच्चाटन रिपोः ॥ १० ॥

भा० टी०—उपरोक्त यन्त्रमें कौवेके पङ्खकी कलमके द्वारा स्मशानभूमिके अंगारे, विष, कौवेके रक्त (!) और कौवेकी बींटसे 'यं' के स्थानमें 'यः' को नाम सहित ध्वजाके ऊपर लिखकर बहेड़ेके पेड़पर बांध देनेसे शत्रुका उच्चाटन होता है ।

यन्त्र संख्या ९

उच्चाटनमें हं रंजिका यन्त्र



६

शृङ्गीगरलरक्ताभ्यां मृत्पालपुटे लिखेत् ।
प्रेतास्थिजातलेखिन्या यः स्थाने तु नभोक्षरः ॥ ११ ॥

भा०टी०—उपरोक्त यन्त्रमें यः के स्थानमें हूं बीजको शृङ्गी विष और गधेके रक्तमें (!) मृतककी हड्डीकी कलमसे मनुष्यके कपालपर लिखे ।

स्मशाने क्षिपेद्रोषात्कृत्वा तद्भस्मपूरितम् ।
करोति तत्कुलोच्चाटं वैरिणां सप्तरात्रितः ॥ १२ ॥

भा० टी०—फिर उस यन्त्रको भस्मसे भरकर क्रोधपूर्वक स्मशानमें फेंके तो यह यन्त्र सात दिनमें शत्रुके कुटुम्बभरका उच्चाटन कर देता है । यंत्र सं. १०

उच्चाटनमें फट् रंजिका यन्त्र

वैरिन्नारणयंत्र

फडक्षर नभस्थाने स्मशानस्थितकर्पटे ।
निम्बार्कजरसेनैतद्विलिखेत्क्रुद्धचेतसा ॥ १३ ॥

भा० टी०—उपरोक्त यन्त्रमें ह के स्थानमें 'फट' बीजको स्मशानसे लिये हुये कपडेपर नीम और आकके रसमें क्रोधमें भरकर लिखे ।

स्मशाने क्षिपेद्यन्त्र यावत्तद्भुवि तिष्ठति ।
परिभ्रामत्यसौ तावद्वैरि काक इव क्षितौ ॥ १४ ॥

भा० टी०—इस यन्त्रको स्मशानमें फेंक दे । जबतक यह यन्त्र बीपर रहता है तबतक शत्रुको आकाशमें कौवेके समान पृथ्विपर घुमाता रहता है । यत्र स. ११

शत्रुके छेदन, भेदन और निग्रहमें म रंजिका यन्त्र



[११] शत्रुछेदभेदनिग्रहकरणं

फटस्थाने लिखेद्भ्रन्त मूर्जेतन्नामसंयुतम् ।
विषोपरक्तयुक्तेन नीलसूत्रेण वेष्टितम् ॥ १५ ॥

भा० टी०—उपरोक्त यन्त्रमें फट्के स्थानमे 'म' बीजको नाम सहित भोजपत्रपर शृङ्गाविष और गधेके रक्तसे लिखकर नीले धागेसे लपेट दे।

मृत्पुत्रकोदरे स्थाप्यं तत्श्मशाने निवेशयेत् ।
सप्ताहाज्जायते शत्रोच्छेदभेदादि निग्रहः ॥ १६ ॥

भा० टी०—फिर उस यत्रको मिट्टीके पुतलेके पेटमें रखकर श्मशानमें रखनेसे सात दिनमें शत्रुका छेदन-भेदन और निग्रह आदि होता है।

यंत्र सं. ८२- वशीकरणमें ई रजिका यन्त्र



तुर्यस्वरं लिखेद्विद्वान् मस्थाने नामसंयुतम् ।
कुङ्कुमागुरु कर्पूरैर्भूर्जे रोचनयाऽन्वितम् ॥ १७ ॥

भा० टी०—उपरोक्त यन्त्रमें 'म' के स्थानमें 'ई' बीजको नाम सहित कुंकुम, अगर, कपूर और गोरोचनसे भोजपत्र पर लिखे ।

सुवर्णमिलित कृत्वा बाहौ च धारयेद्गले ।
करोतीद सदा यन्त्रं तरुणीजनमोहनम् ॥ १८ ॥

भा० टी०—फिर इस यन्त्रको सोनेमे मढ़वाकर भुजा या गलेमें पहिने तो यह यंत्र सदा स्त्रियोंको मोहित करता है ।

यंत्र सं. १३—स्त्री सौभाग्यमें क्ष वषट् रंजिका यन्त्र



वषट्वर्णयुतं कूटं लिखेदीकारधामनि ।
भूर्जपत्रे सितेऽत्यन्ते रोचनाकुङ्कुमादिभिः ॥ १९ ॥

भा० टी०—उपरोक्त यंत्रमें 'ईं' के स्थानमें 'क्ष वषट्' बीजको अत्यन्त सफेद भोजपत्रपर गोरोचन कुंकुम आदिसे लिखे ।

त्रिलोहवेष्टितं कृत्वा बाहौ कण्ठे च धारयेत् ।
स्त्रीसौभाग्यकरं यन्त्रं स्त्रीणां चेतोऽभिरञ्जनम् ॥ २० ॥

भा० टी०—फिर इस यन्त्रको त्रिलोहमें जड़वाकर दाहिनी भुजा और कण्ठमें धारण करनेसे यह यन्त्र स्त्रियोंके सौभाग्यको करता और उनके मनको प्रसन्न रखता है ।

(त्रिलोह-सोलह भागोंमें बारह भाग तांबा एक भाग लोहा और तीन भाग सोना मिलाकर त्रिलोह बनाया जाता है)

यन्त्र संख्या १४

स्थम्भनमें लं रञ्जिका यन्त्र



क्षाद्यक्षरपदे येज्यं ल शिलातलसम्पुटे ।
विलिख्योर्वीपुरं बाह्ये स्तम्भने तालकादिभिः ॥ २१ ॥

भा० टी०—उपरोक्त यन्त्रमें 'क्ष वषट्' के स्थानमें दो शिलाओंके सम्पुट पर 'ल' बीजको लिखकर उसके बाहिर चारों ओर हरताल आदिसे पृथ्वीमण्डल बनाकर रखे तो स्तम्भन होता है ।

यंत्र सं. १५–गृहादि शांतिमें रक्षिका यंत्र



यह गृहादि शांति कर्म मे श्री रक्षिका यंत्र है।

स्तम्भने तु मैन्द्र निजबीजमैन्द्रं श्रीकुङ्कुमाद्यैर्लिखित सुभूर्जे।
त्रिलोहवेष्ट्यं विधृतं स्वबाहौ करोति रक्षां ग्रहमारीरुग्भ्यः ॥ २२ ॥

भा० टी०—इन यन्त्रोंमेंके बीजोंके स्थानमें ऐन्द्रबीज श्रीको स्तम्भन करनेके प्रयोजनमें श्री कुंकुम आदिसे उत्तम भोजपत्रपर लिखकर यदि त्रिलोहमें जड़वाकर अपनी दाहिनी भुजामें पहिने तो यह यन्त्र ग्रह, मारी और रोगोंसे रक्षा करता है।

इति भैरव पद्मावतीकल्पकी भाषाटीकामें 'द्वादश रञ्जिका विधान' नाम चतुर्थ परिच्छेद समाप्त ।

पंचम परिच्छेद

स्तम्भन यन्त्र

यंत्र संख्या १६—अग्निस्तंभन यन्त्र प्रथम



क्षमठसहफलबवर्णाग्मलवरयूंकारसयुतान्विलिखेत ।
अष्टदलेषु क्रमशो नाम ग्लौं कर्णिकामध्ये ॥ १ ॥

भा० टी०—एक अष्टदल कमलकी कर्णिकामें नाम सहित ग्लौं लिखकर आठों दलोंमें पूर्वादि क्रमसे क्ष्म्ल्व्र्यूं, मल्व्र्यूं, ठम्ल्व्र्यूं, सम्ल्व्र्यूं, ह्म्ल्व्र्यूं, फम्ल्व्र्यूं, लम्ल्व्र्यूं, और ब्मम्ल्व्र्यूं बीजोंको लिखे।

मन्त्राभ्यामावेष्ट्य बहिः भूमण्डलेन संवेष्ट्य ।
कुङ्कुमहरितालाद्यैर्लिखेदात्मेप्सितस्तम्भः ॥ १ ॥

भा० टी०—फिर इसको निम्नलिखित दो मन्त्रोंसे घेरकर बाहिर पृथ्वीमण्डल बनावे। इस यन्त्रको केशर और हरीताल आदिके द्वारा लिखनेसे अपने इष्टका स्तम्भन होता है।

प्रथम मन्त्रोद्धार—

ॐ नमो भैरवि अग्निस्तम्भिनि पञ्चदिव्योत्तारिणि श्रेयस्करि यशस्करि ज्वल२ प्रज्वल२ सर्वकामार्थसाधनि स्वाहा।

दूसरे मन्त्रका उद्धार—

'ॐ अनलपिङ्गलोर्द्ध्वकेशिनि महादिव्याधिपतये ठः४ स्वाहा।' ॥२॥

वाणीस्तम्भन ध्यान

त्रींकारं चिन्तयेद्वक्त्रे विवादे प्रतिवादिनाम् ।
त्रां वा रेफं ज्वलन्तं वा स्वेष्टसिद्धिप्रदायकम् ॥ ३ ॥

भा० टी०—प्रतिवादियोंसे शास्त्रार्थके समय अपनी इच्छित सिद्धिको देनेवाले त्रीं या त्रां या जलते हुये रेफ (रं) बीजका ध्यान करे।

यंत्र संख्या १७

अग्निस्तम्भन यन्त्र द्वितीय



नाम ग्लौं खान्तपिण्ड बसुदलसहितामभोजपत्रे विलिख्य ।
तत्पिण्ड तेपु योज्य बहिरपि वलय दिव्यमन्त्रेण कुर्यात् ॥
टान्तं भूमण्डलान्त विपुलतरशिलासम्पुटे कुङ्कुमाद्यै-
र्धार्यं श्रीवीरनाथक्रमयुगपुरतो बह्नि दिव्योपशान्त्यै ॥ ४ ॥

भा० टी०—एक अष्टदल कमलकी कर्णिकामें नामको ग्लौंके अन्दर लिखकर आठों दलोंमें ग्म्ल्र्व्यूं पिण्डको लिखे । उसके

बाहिर दिव्य मन्त्र तथा 'ठ' के वलय बनाकर बाहिर पृथिवी-मण्डल बनावे। इस यन्त्रको बड़ी भारी शिलाओंके सम्पुट पर केशर आदिसे लिखकर दिव्य अग्निका शांतिके वास्ते श्री भगवान् महावीरस्वामीके चरणयुगलके सामने रक्खे।

दिव्य मन्त्रका उद्धार—

ॐ थंभई अमुके अमुकस्य जलं जलणं चिन्तय मन्त्रेण पञ्च णमोकारो अरिमारि चोर एव लघोरुवसग्गं विणासेइ स्वाहा—

यन्त्र संख्या १८

जल, तुला, सर्प और पक्षिस्तम्भन यन्त्र

यन्त्र संख्या १९

दिव्य तुला स्तम्भन यन्त्र

दिव्येषु जलतुलाफणिखगेषु वपहक्षपिण्डमाविलिखेत् ।
पूर्वोक्ताष्टदलेष्वपि पूर्ववदन्यत्पुनः सर्वम् ॥ ५ ॥

भा० टी०—पूर्वोक्त आठ दलोंके मध्यमें जल दिव्यमें म्ल्व्र्यूं, तुलादिव्यमें प्म्ल्व्र्यूं, फणिदिव्यमें ह्म्ल्व्र्यूं और खग दिव्यमें क्ष्म्ल्व्र्यूं बीजको लिखे और शेषको उसी प्रकार रहने दे ।

यन्त्र संख्या २०

दिव्य सर्प स्तम्भन यन्त्र



अर्थात् उपरोक्त अग्निस्तम्भन यन्त्र द्वितीयके समान चार यन्त्र और बनावे। केवल उनकी कर्णिकाके बीजोंको बदल कर शेष

यन्त्र संख्या २१

दिव्य पक्षी स्तम्भन यन्त्र

यन्त्रको उसी प्रकार बना रहने दे। इनमेंसे—

जिसकी कर्णिकामें ब्म्ल्व्यूं बीज हो वह दिव्य जलका स्तभन करता है। जिसकी कर्णिकामें फ्ल्व्यूं बीज हो वह दिव्य तुलाका स्तम्भन करता है। जिसकी कर्णिकामें झ्ल्व्यूं बीज हो वह दिव्य सर्पका स्तम्भन करता है और जिसकी कर्णिकामें क्ष्म्ल्व्यूं बीज हो वह दिव्य पक्षिका स्तम्भन करता है।

यन्त्र संख्या २२

क्रोध, गति, सेना और जिव्हास्तम्भक वार्तालि कन्त्र

ब्रह्मग्लौंकारपुटं ठान्तावृतमष्टवज्रसंरुद्धम् ।
वामं वज्राग्रगतं तदन्तरो रान्तबाजञ्च ॥ ६ ॥

भा० टी०—नामको ब्रह्म (ॐ) ग्लौंके संपुट और 'ठं' बीजसे घेर कर आठ वज्रोंसे घेर दे। वज्रोंके अग्रभागमे वाम



(ॐ) लगावे और उनके अन्तरालमें रान्त (ल) बीजको लगावे।

वार्तालीमन्त्रवृतं बाह्येऽष्टसु दिक्षु विन्यसेत्क्रमशः।
मलवरयूंकारयुतान् क्षभमठसहफरान्तलान्त च॥ ७॥

भा० टी०—उसको वार्तालि मन्त्रसे घेरकर उसके बाहिर आठों दिशाओंमें क्रमशः क्ष्म्ल्व्र्यूं, भ्म्ल्व्र्यूं, ह्म्ल्व्र्यूं, स्म्ल्व्र्यूं, झ्म्ल्व्र्यूं, फ्म्ल्व्र्यूं, और ठ्म्ल्व्र्यूं बीजोंको लिखे।

वार्तालि मन्त्रका उद्धार—

ॐ वार्तालि वाराहि वाराहमुखि जम्भे जम्भिनि स्तम्भे स्तंभिनि अन्धे अन्धिनि रुन्धे रुन्धिनि सर्वदुष्टप्रदुष्टानां क्रोधं लि लि गतिं लि लि सेनां लि लि जिव्हां लि लि ठः ठः ठः।

बाह्येऽमरपुरपरिवृतमङ्कुशरुद्धं करोतु तद्द्वारम्।
उक्षेशमन्त्रवेष्ट्य पृथिवीपुरसम्पुटं बाह्ये॥ ८॥

भा० टी०—उसको बाहिर अमरपुरसे घेरकर उस अमरपुरके चारों द्वारोंको अंकुश (क्रों) से रोक दे। उसके चारों ओर उक्षेश मंत्र लिखकर बाहिर पृथिवीमण्डलका सम्पुट बनावे।

उक्षेश मन्त्रका उद्धार—

"ॐ णमो भगवदो रिसहस्स पंडिणिमित्तेण चारणपण्णति इन्द्रेण भणामइययेण उपाडि आजोहकण्ठोठमुहतालुवरबोलियायेमइ भंसइ यो मइ दुट्ठदिट्ठिए बलसंसलाए देवदत्तसामणं हि पयं कोहं जीहा खोलियाभेलखीयाये ल ल ल ल ठ ठ ठ ठ।"

कोणेष्वष्टसु विलिखेद्वार्तालीमन्त्रभणितजम्भादीन्।
ठद्वितियं धरणीपुरमीदृशमिदमालिखेत्प्राज्ञः॥ ९॥

भा० टी०—उसके बाहिर आठों दिशाओंमें वार्ताली मंत्रमें

कही हुई जम्भा आदि देवियोंको लिखे। उसके आगे दो ठकार और फिर पृथिवीमण्डल बनावे। बुद्धिमान् इस प्रकारका मन्त्र बनावे।

आठों देवियोंके मन्त्रोंका उद्धार—

"ॐ जम्भे स्वाहा। ॐ जम्भिनि स्वाहा। ॐ स्तम्भे स्वाहा। ॐ स्तम्भिनि स्वाहा। ॐ अन्धे स्वाहा। ॐ अन्धिनि स्वाहा। ॐ रुन्धे स्वाहा। ॐ रुन्धिनि स्वाहा।"

फलके शिलातले वा हरितालमनःशिलादिभिर्लिखितम्।
कोपगतिसैन्यजिव्हास्तम्भ विदधाति विधियुक्तम्॥ १०॥

भा० टी०—यह यन्त्र काठकी तखती अथवा पत्थरकी शिला पर हड़ताल और मनशिल आदिसे विधिपूर्वक लिखा जानेसे क्रोध, गति, सेना और जिव्हाका स्तंभन करता है।

यन्त्र संख्या २३

दिव्यवस्तु स्तम्भक यंत्र



नामग्लौंमुर्वीपुरवंपंग्लौंकारवेष्टितं कृत्वा ।
ह्रींकारचतुर्वलयं स्वानामयुक्तं ततो लेख्यम् ॥ ११ ॥

भा० टी०—नामको क्रमशः ग्लौं, पृथिवीमण्डल, वं पं और ग्लौंसे वेष्टित करके उसके चारों ओर ह्रीं के ४ वलय बनावे ।

ॐ उच्छिष्टपदस्याग्रे स्वच्छन्दपदमालिखेत् ।
ततश्चाण्डालिनीस्वाहा टान्तयुग्मकवेष्टितम् ॥ १२ ॥

भा० टी०—उसके पश्चात् 'ॐ उच्छिष्टस्वच्छन्दचाण्डालिनी स्वाहा' इस मन्त्रसे वेष्टित करके दो ठ से वेष्टित करे ।

पृथिवीवलयंदत्त्वा पूर्वोक्तमन्त्रेण वेष्टयेद्बाह्ये ।
रजनीहरितालाद्यैर्भूर्जे विधिनान्वितो विलिखेत ॥ १३ ॥

भा० टी०—फिर पृथिवीमण्डल बनाकर उसके बाहिर पूर्वोक्त मन्त्रसे ही वेष्टित करदे । इस यन्त्रको केशर और हड़ताल आदिसे विधिपूर्वक भोजपत्र पर लिखे ।

तत्कुलालकरमृत्तिकावृतं तोयपूरितघटे विनिक्षिपेत् ।
पार्श्वनाथमुररिस्थमर्चयेत् दिव्यशोधनविधानमुत्तमम् ॥१४॥

भा० टी०—इस यंत्रको कुम्हारके हाथकी मिट्टीसे घिरे हुये जलसे भरे हुये घड़ेमें रखकर उसके ऊपर पार्श्वनाथ भगवान्‌की पूजा करे । यह दिव्य वस्तुओंके स्तंभनका उत्तम विधान है ।

यन्त्र संख्या २४

सेना स्तम्भक यन्त्र



रिपुनामान्वितं मान्तं मलवरयूंकारसंयुतं टान्तम् ।
तद्बाह्ये भूमिपुरं त्रिशूलभूतोग्रमृगवेष्ट्यम् ॥ १५ ॥

भा० टी०—शत्रुके नाम सहित और ठम्ल्व्र्यूंको लिखकर उसके बाहिर पृथिवीमण्डल बनाकर उसको त्रिशूल, भूत और हिंसक पशुओंसे घेर देवे ।

प्रतिरूपहस्तखड्गैर्निहन्यमानारिरूपपरिवेष्ट्यम् ।
शत्रोर्नामान्तरितैं समन्ततो वेष्टयेत्पिण्डैः ॥ १६ ॥

भा० टी०—शत्रुके नामके बाहिर प्रतिशत्रु (शत्रुके शत्रु) के हाथ शस्त्रसे मारे जाते हुवे शत्रुकी मूर्तिको बनाकर उसको चारों ओर शत्रुके नामके बाहिरके पिण्ड ह्म्ल्व्र्यूं घेर दे ।

प्रतिरिपुवाजिमहागजनामान्तरितं समन्ततो मन्त्री ।
विलिखेदों हूं ह्रीं ऐ ग्लौं स्वाहा टान्तयुग्मान्तम् ॥ १७ ॥

फिर उसको निम्नलिखित मन्त्रसे घेर देवे ।
"ॐ हूं ह्रीं ऐं ग्लौं स्वाहा ठः ठः अमुकस्य पट्टाश्वं ॐ हूं ह्रीं ऐं ग्लौं स्वाहा ठः ठः अमुकस्य पट्टगजं ॐ हूं ह्रीं ऐं ग्लौं स्वाहा ठः ठः ॥"
(इस मंत्रमें अमुकके स्थानमें शत्रुका नाम लिखा देना चाहिये ।)

मन्त्रेण वेष्टयित्वाऽनेन ततो शत्रुविग्रहो लेख्यः ।
अष्टासु दिक्षु बहिरपि माहेन्द्रमण्डलं दद्यात् ॥ १८ ॥

भा० टी०—फिर उसको निम्नलिखित मत्रसे वेष्ठित करके आठों दिशाओंमें शत्रुकी मूर्ति लिखे और उसके बाहिर माहेन्द्र मण्डल बनावे—

भेदय२ ग्रस२ खादय२ मारय२ हुं फट् ।

प्रेतवनात्सञ्ज्वालितमृतकमुखोत्थितपटेऽथवा विलिखेत् ।
कृष्णाष्टम्यां युद्धात्त्यक्तप्राणस्य संग्रामे ॥ १९ ॥

भा० टी०—इस यन्त्रको स्मशानसे लाए हुये मृतकके

मुखपरके वस्त्र अथवा कृष्णाष्टमीको युद्धमें मरे हुये योद्धाके वस्त्रपर लिखे।

कन्याकर्तितसूत्रं दिवसेनैकेन तत्पुनर्वीतम्।
तस्मिन् हरितालाद्यैः कोरंटकलेखनीलिखितम् ॥२०॥

भा० टी०—कन्या द्वारा कते हुये सूतका एक दिनमें ही कपड़ा बुनवा कर उसपर इस यन्त्रको कोरटककी कलम और हरिताल आदिसे लिखे।

पद्मावत्याः पुरतः पीतैः पुरा समभ्यर्च्य।
यन्त्रपटं बध्नीयाग्मख्याते चोन्नतस्तम्भे ॥२१॥

भा० टी०—फिर इस यन्त्रको पद्मावतीदेवीके सामने पीले पुष्पोंसे पूजन करके इसको एक अत्यन्त ऊचे प्रसिद्ध स्तंभमें बांध दे।

तं दृष्ट्वा दूरतरान्नश्यन्ति भयेन विह्वलीभूताः।
विरचितसेनाव्यूहात्संग्रामेऽशेषरिपुवर्गा. ॥२२॥

भा० टी०—इस यन्त्रको दूरसे देखकर युद्धमें सेनाका व्यूह बनाये हुये सब शत्रु लोग भयसे विह्वल होकर भाग जाते हैं।

इति भैरव पद्मावतीकल्पकी भाषाटीकामें 'स्तम्भन यन्त्राधिकार' नामका पंचम परिच्छेद समाप्त।

षष्ठम परिच्छेद

(स्त्री आकर्षण यंत्र)

यंत्र संख्या २५

इष्टाङ्गनाकर्षण यन्त्र प्रथम



द्विरेफयुक्त ळिस मान्तयुग्मं षष्ठस्वरौकारयुतं सबिन्दुः।
स्वरावृत पञ्चपुराणि बहिः रेफात्कमात्क्रोमर२ ह्रीं च कोणे ॥१॥
ब्लेंकाररुद्ध च तथा ह्म्क्ली ब्लूंकाररुद्धं च द्रां तथैव।
क्रमेण दिक्षु त्रिषु चाम्बिकायाः मत्र बहिर्वह्निमरुत्पुरञ्च ॥२॥

भा० टी०-र्यूं और यौं बीजोंको सोलहों स्वरोंसे घेरकर उनके चारों ओर पांच अग्नि मंडल बनावे। उनमेंसे प्रथम मण्डलके तीनों कोनोंमें यं बीज, द्वितीयमें क्रों, तृतीयमें ह्रीं, चतुर्थमें ब्लेंसे रुका हुआ ह्क्लीं बीज और पञ्चममें ब्लूंसे रुका हुआ द्रौं बीज लिखकर मण्डलोंके चारों ओर अम्बिका मन्त्र लिखे। और उसके बाहिर अग्नि मण्डल तथा वायु मण्डल बनावे।

मन्त्रोद्धार—
"ॐ नमो भगवति अम्बे अम्बाले अम्बिके यक्षदेवि र्यूं ब्लें ह्क्लीं ब्लूं द्रौं रः रः रः रः रः रां रां नित्ये क्लिन्ने मदद्रवे मदनातुरे ह्रीं क्रों अमुकीं मम वश्य कृष्टिं कुरु २ संवौषट्।"

इष्टाङ्गनाकर्षणमाहुराद्या धत्तूरताम्बूलविषादिलेख्यम्।
यन्त्र पटे खर्परताम्रपत्रे दिनत्रये दीपशिखाभितप्तम् ॥ ३ ॥

भा० टी०—इस यन्त्रको धतूरे पानके रस और शृङ्गीविष आदिसे वस्त्र, खर्पर या ताम्रपत्रपर लिखकर तीन दिनतक दीपककी शिखापर तपानेसे यह इच्छित स्त्रीका आकर्षण करता है।

यंत्र संख्या २६

इष्टाङ्गनाकर्षण यंत्र द्वितीय



ॐ ह्रीं हृत्कमले गजेन्द्रवशगं सर्वाङ्गसन्धिष्वपि ।
मायामाबिलिखेत्कुचद्वितययोर्मूर्ध्यो निदेशे तथा ॥

क्रोंकारैः परिवेष्ट मन्त्रवलय दद्यात्पुरं चानलं।
तद्वाह्येऽनलभूपुरं त्रिदिवसे दीपाग्निनाकर्षणम् ॥ ४ ॥

पत्रे स्त्रीरूपमालिख्यमूर्द्धपादमधः शिरः।
ब्रह्मादिराजिकाधूमभानुदुग्धेन लेपयेत् ॥ ५ ॥

एक ताम्रपत्रपर अपनी इच्छित स्त्रीके रूपको ऊपरको पैरे और नीचेको शिर करके बनावे। उसके हृदयकमलमें 'ॐ ह्रीं' शरीरके सब जोड़ोमें 'क्रों' दोनों कुचोंमें 'ह्रीं' और योनिदेशमें 'य्यूं' लिखकर उसको चारों ओर 'क्रों' से घेरकर मन्त्रका वलय, अग्निमण्डल, वायुमण्डल और पृथिवीमण्डल बनावे।

इस यन्त्रको धतूरे, सफेद सर्सों, गेहू और आकके दूधसे ताम्रपत्रपर लिखकर तीन दिन तक दीपककी अग्निपर तपानेसे इच्छित स्त्रीका आकर्षण होता है।

मन्त्रोद्धार—

ॐ नमो भगवति कृष्णमातङ्गिनि शिलावल्कलकुसुमरूपधारिणि किरातशवरीसर्वजनमोहिनि सर्वजनवशङ्करि ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अमुकां आकर्षय २ममवश्याकृष्टिं कुरु कुरु संवौषट्।

यंत्र संख्या २७

स्त्री आकर्षण यंत्र तृतीय—



अग्निपुटकोष्ठमध्ये कलावृत भुवननाथमंकुशरुद्धम् ।
कोष्टेपु प्रणवांकुशमायारतिनाथररश्च ॥ ६ ॥

भा० टी०—दो अग्नि मण्डलोंके सम्पुटके बीचमें सोलह स्वरोंसे घिरे हुये 'ह्रीं' बीजको लिखकर उसके दोनों ओर क्रों बीज लिखे। छहों कोनोमें क्रमशः ॐ, क्रों, ह्रीं, क्लीं, रं और रः बीजोंको लिखे।

कृष्णशुनकस्य जङ्घाशल्ये प्रविलिख्य बाहुरक्तेन ।
खदिराङ्गारैस्तप्तं सप्ताहादानयत्यबलाम् ॥ ७ ॥

भा० टी०—यह यंत्र काले कुत्तेकी हड्डी में अपने हाथके नाखूनसे रक्तसे लिखा हुआ खैरके अंगारोपर तपाया जानेसे स्त्रीका ७ दिनके भीतर आकर्षण करता है।

अथवा रजस्वलाया वस्त्रे संलिख्य जलजनागिन्याः ।
पुच्छं विधाय वर्तिं तद् पादानयेन्नारीम् ॥ ८॥

भा० टी०—अथवा इस यंत्रको रजस्वलाके वस्त्र पर लिखकर उस सहित पनियाली नागिनका पूंछको बत्ती बनाकर जलानेसे स्त्रीका आकर्षण होता है।

यंत्र संख्या २८

स्त्री आकर्षण यन्त्र चतुर्थ



पाशाङ्कुशौ कोणीशरमान्तरस्थौ मन्त्रावृत वायुपुरस्य बाह्ये ।
आकृष्टिमिष्टं वनिताजनानां करोति यन्त्रं खदिराग्नितप्तं ॥१०॥

ह्रींकारमध्ये प्रविलिख्य नाम षट्कोणचक्र बहिराभिलेख्य ।
कोणेषु तत्त्व त्रिषु चोर्ध्वकोणद्वये पुनर्य्म्र्यूमधरों लिखेच्च ॥ ९ ॥

भा० टी०—ह्रींके मध्यमें स्त्रीके नामको लिखकर उसके बाहिर षट्कोण चक्र बनावे, उसके ऊपरके त्रिभुजके तीनों कोणोंमें ह्रीं, ऊपरके दोनों कोणोंमें य्म्र्यूं और नीचे ॐ को लिखे ।

पाशाङ्कुशौ कोणशिखान्तरस्थौ मन्त्रावृतं वायुपुरञ्च बाह्ये ।
आकृष्टिमिष्टप्रमदाजनानां करोति यन्त्र खदिराग्नितप्तं ॥ १० ॥

भा० टी०—उसके प्रत्येक कोणके ऊपर आं और क्रों को लिखे । फिर इन सबको निम्नलिखित मन्त्रसे वेष्टित करके उसके बाहिर वायुमण्डल बनावे । यह यन्त्र खैरकी अग्निसे तपाया जानेसे इच्छित स्त्रियोंका आकर्षण करता है ।

मन्त्रोद्धार—

'ॐ ह्रीं ह्स्क्लीं ह्म्क्लीं आं क्रों य्म्र्यूं नित्य क्लिन्ने मदद्रवे मदनातुरे अमुकां मम वश्याकृष्टिं कुरु२ संवौषट् ।'

लिखित्वा ताम्रपत्रे वा श्मशानोद्भवखर्परे ।
तदङ्गमलधत्तूरविषाङ्गारप्रलेपितम् ॥ ११ ॥

इस यन्त्रको ताम्रपत्र या श्मशानके खप्परपर स्त्रीके अंगके कूचों मल, धतूरे, शृङ्गीविष और अंगारसे लिखना चाहिये ।

यंत्र संख्या २९

स्त्री आकर्षण यन्त्र पंचम



ह्रीं वदने योनौ क्लें ह्क्लीं कण्ठे तु स्मराक्षरं नाभौ।
हृदये द्विरेफयुक्तं हूङ्कारं नामसंयुक्तम् ॥ १२ ॥

भा० टी०--एक चित्र अपनी इच्छित स्त्रीका बनाकर उसके मुखमें ह्रीं, योनिमें क्लें, कण्ठमें ह्क्लीं, नाभिमें क्लीं, हृदयमें ह्रूं तथा स्त्रीका नाम लिखे।

नाभितले ब्लोङ्कारं वेदादिं मस्तके च संविलिखेत्।
स्कन्धमणिबन्धकूर्परपदेषु तत्त्वं प्रयोक्तव्यम्॥ १३॥

भा० टी०--नाभिके नीचे ब्लूं मस्तकमें ॐ तथा कंधों, हाथकी कलाई कनपटो और पैरोंमें ह्रीं बीजको लिखे।

तस्तले म्र्यूंकारं सन्धिषु शाखासु शेषतो रेफान्।
त्रिपुटितवह्निपुरत्रयमथ तद्बाह्ये प्रदेशेषु॥ १४॥

हथेलियोंमें म्र्यूं जोड़, अगुलियो और शेष अगोंमें रेफ लिखकर उसके बाहिर तीन अग्नि मण्डलोंकी पुट बन वे।

कोष्ठेषु भुवननाथं कोष्ठाग्रान्तरनिविष्टमङ्कुशबीजम्।
वलयं पद्मावत्या मन्त्रेण करोतु तद्बाह्ये॥ १५॥

भा० टी०—उस अग्नि मण्डलकी पुटके नौ कोठोमें ह्रीं तथा कोठोंके ऊपर क्रों बीज लिखे। उसके चारों ओर पद्मावतीके निम्नलिखित मन्त्रका वलय बनावे।

पद्मावतीका मन्त्र—

'ॐ ह्रीं ह्रैं ह्स्क्लीं पद्मे पद्मकटिनि अमुकां मम वश्याकृष्टिं कुरु कुरु संवौषट्।'

अंकुशरोधं कुर्यात्तद्बाह्ये मायया त्रिधाऽऽवेष्ट्यम्।
यावकमलयजचन्दनकाश्मीराद्यैरिदं लिखेद्यन्त्रम्॥ १६॥

भा० टी०—उसके बाहिर तीनबार ह्रींसे वेष्ठित करके क्रोंसे निरोध करदे। इस यन्त्रको अलक्तक, अगरु, चन्दन तथा केशर आदिसे लिखे।

वस्त्रे रजस्वलायाः खदिराङ्गारेणतापयेद्धीमान् ।
कुरुतेऽभिलषितवनिताऽऽकृष्टिं सप्ताहमध्येन ॥ १७ ॥

भा० टी०—बुद्धिमान् इस यन्त्रको रजस्वलाके कपड़ेपर लिखकर खैरके अंगारोंपर तपावे तो यह यन्त्र एक सप्ताहके भीतर २ इच्छित स्त्रीका आकर्षण करता है।

रविदुग्धादिविलिप्ते युवतिकपालेऽथवा लिखेद्यन्त्रम् ।
पुरुषाकृष्टौ च पुनः नृकपाले यन्त्रमेवेदम् ॥ १८ ॥

भा० टी०—अथवा इस यन्त्रको आकके दूध, थूहरके दूध, गृहधूम, सफेद सर्सों और नमक आदिसे किसी स्त्रीके कपालपर लिखे। पुरुष आकर्षण करनेमें इसी यन्त्रको पुरुषके कपालपर लिखे।

यन्त्र संख्या ३०

स्त्री आकर्षण यन्त्र षष्ठ



नाम तत्त्वविगर्भितं बहिरालिखेच्छिखिमण्डलं,
रेफमन्त्रवृतं श्मशानखर्परे विलिखेदिदम् ।
तापयेत्खदिराग्निना हिमकुङ्कुमादिरादरा-
दानयत्यबलां बलाद्दिनसप्तकैर्मदविह्वलाम् ॥ १९ ॥

भा० टी०—नामको ह्रींके अन्दर लिखकर उसके बाहिर अग्नि मण्डल बनावे, उसके चारों ओर रकार लिखकर निम्नलिखित मन्त्र श्मशानके खप्परपर चन्दन, केशर आदिसे आदरपूर्वक लिखकर यदि खैरके अंगारोंपर तपावे तो स्त्री मदसे विह्वल होकर सात दिनके अंदर २ आजाती है ।

मन्त्रोद्धार—

ॐ नमो भगवति चण्डकात्यायिनि सुभंग दुर्भगयुवति जननाकर्षयर ॐ ह्रीं र र्म्ल्व्र्यूं संवौषट् देवदत्तायां हृदय घे घे ।

इति भैरवपद्मावती कल्पकी भाषाटीकामें "स्त्री आकर्षणयन्त्राधिकार" नामक षष्ठम परिच्छेद समाप्त ॥ ६ ॥

सप्तम परिच्छेद

वश्य यन्त्र

यत्र सख्या ३१

दाहज्वर शांत करनेका यन्त्र

हसः वृताभिधानं मलवरयषष्ठस्वरान्वितं कूटम् ।
बिन्दुयुतं स्वरपरिवृतमष्टदलाम्भोजमध्यगतम् ॥ १ ॥

भा० टी०—हंसः पदसे घिरे हुये नामको क्ष्म्ल्व्र्यूं बीजसे घेरकर उसको स्वरोंसे घेर दे और उसके चारोंओर एक अष्टदल कमल बनावे ।

तेजोऽर्हं सोमसुधा हंसःस्वाहेति दिग्दलेषु लिखेत् ।
आग्नेयादिदलेष्वपि पिण्डं यत्कर्णिकालिखितम् ॥२॥

भा० टी०—उस कमलकी पूर्वादि दिशाओंके दलोंमें 'ॐ अर्हं झ्वीं क्ष्वीं हंसः स्वाहा' मन्त्र लिखकर विदिशाओंमें क्ष्म्ल्व्र्यूं पिण्डको लिखे ।

भूर्जे सुरभिद्रव्यैर्विलिख्य तत्सिक्थकेन परिवेष्ट्य ।
नूतनघटेऽम्बुपूर्णे तद्यन्त्रं स्थापयेद्धीमान् ॥ ३ ॥

भा० टी०—बुद्धिमान इस यन्त्रको कुंकुम कपूर आदिसे सुगन्धित द्रव्योंसे भोजपत्र पर लिखे। फिर इसको मोममें लपेटकर जलसे भरे हुये नये घड़ेमें रखदे ।

तन्दुलपूर्णं मृन्मयभाजनमप्युपरि तस्य संस्थाप्य ।
श्री पार्श्वनाथसहितं करोति दाहज्वरोपशमम् ॥ ४ ॥

भा० टी०—उसके ऊपर चांवलोंसे भरे हुये मिट्टीके बर्तनकी स्थापना करके उसके ऊपर श्री पार्श्वनाथ भगवानकी स्थापना करनेसे यह यन्त्र दाहज्वरको शान्त करता है ।

श्रीखण्डेन तदालिख्य पाययेत्कांस्यभाजने ।
महादाहज्वरग्रस्तं तत्क्षणेनोपशाम्यति ॥ ५ ॥

भा० टी०—अथवा इस यन्त्रको कांसेके बर्तनपर श्रीखण्डसे लिखकर पिला देनेसे महा दाहज्वर भी उसी क्षण शांत हो जाता है ।

मन्त्रोद्धार—

"ॐ नमो भगवते पार्श्वचन्द्राय क्ष्म्ल्व्र्यूं र्हं झ्वीं क्ष्वीं हंसः अ सि आ उ सा स्वाहा ।"

यन्त्र संख्या ३२

वश्य यन्त्र प्रथम



क्लीँ तत्त्वकूटेन्दुवृतं स्वनाम तद्बाह्यभागेष्टदलाब्जपत्रम् ।
पत्रेषु पद्मावरमूलमंत्रं वेष्ट्यं तदाकर्षणपल्लवेन ॥ ६ ॥

भा० टी०—क्लें ह्रीं क्ष और ठ से घिरे हुये अपने नामको लिखकर उसके बाहिर अष्ट दल कमल बनावे। उसके पत्रोंमें पद्मावतीका मूल मन्त्र लिखकर उसको आकर्षण पल्लव (संवौषट्) से वेष्टित करदे।

मन्त्रोद्धार—

"ॐ ह्रीं हैं ह्स्क्लीं पद्मे पद्मकटिनि नमः।"

यन्त्र ततश्चार्द्धे शशिप्रवेष्ट्यं विलिख्य यन्त्रं फलके वटस्य।
गोरोचनासयुक्तकुंकुमाद्यैः साध्यस्य नानारुगचन्दनेन॥ ७॥

भा० टी०—फिर इस यन्त्रको अर्धचन्द्राकार रेखासे घेरकर वटवृक्षकी तखतीपर गोरोचन या केशर आदिसे लिखें। साध्यके नामवाले यन्त्रको लाल चन्दनसे लिखें।

कृत्वा ततश्चोभयसम्पुटञ्च श्रीपार्श्वनाथस्य पुरोनिवेश्य।
सन्ध्यासु नित्यं करवीरपुष्पैर्भवेद्वश्य जपतःसुसाध्यम्॥ ८॥

भा० टी०—तब उन दोनोंका मुख मिलाकर श्री पार्श्वनाथ भगवानके सामने रखकर प्रातः साय और दोपहर तीनों संध्याओंमें कनेरके फूलोंसे जप करनेसे यन्त्र सिद्ध होता है।

यन्त्र संख्या ३३

वश्य यन्त्र द्वितीय



अन्त्यवर्ग तृतीय तुयवकार तत्ववृताह्वयं ।
हंसवर्णावृतं ततो द्विगुणीकृताष्टदलाम्बुजम् ॥
तेपु षोडशसत्कलाशिरस्रोनशून्यवृत बहि-
र्मायया परिवेष्टितं प्रणवादिकाभिरावृत्तम् ॥ ९ ॥

अन्त्यवर्ग (ऊष्मों) के तृतीय (स) चतुर्थ (ह) और ह्रीं से घिरे हुये नामको 'हस' से घेरकर बाहिर सोलह दल कमल बनाकर उनमें सोलह कलायें लिखे। फिर उसको ।शर सहित हकारसे वेष्टित करके माया (ह्रीं) से वेष्टित करे और बाहिर 'ऊंक' से लेकर 'ॐ१' तक लिखे।

यन्त्रमाविलिखेदिदं हिमकुङ्कुमागुरुचन्दनैः ।
मूर्जके फलकेऽथवा भुवि गोमयेन विमार्जिते ॥
प्रत्यहं विधिना समं जपतोऽरुणप्रसवै भृशं ।
तस्य पादसरोजषट्पदसन्निभं भुवनत्रयम् ॥ १० ॥

भा० टी०—इस यन्त्रको भोजपत्र, बटकी तखती अथवा गोबरसे लीपकर शुद्ध की हुई भूमिपर कपूर, केशर, अगरु व चन्दनसे लिखकर प्रतिदिन निम्नलिखित मन्त्रका लाल कनेरके फूलोंसे विधिपूर्वक जप करनेवालेके चरण कमलोंमें जगत भौंरेके समान लोटा२ फिरता है । मन्त्रोद्धार—

'ॐ ह्रीं हस्क्लीं क्लें ह्रैं अ सि आ उ सा अनाहत विद्यायै नमः ।'

यन्त्र संख्या ३४-वश्य यन्त्र तृतीय

ब्रह्मान्तर्गत नाम मायया परिवेष्टितम् ।
वेष्टितं कामराजेन बाह्ये षोडशपत्रकम् ॥ ११ ॥

भा० टी—नामको क्रमशः ॐ ह्रीं और क्लीं से वेष्टित करके उसके बाहिर सोलह दल कमल बनावे ।

पञ्चबाणा न्यसेत्तेषु स्वाहान्तोङ्कारपूर्वकान् ।
तद्बाह्ये मायया वेष्ट्य क्रोङ्कारेण निरोधयेत् ॥ १२ ॥

भा० टी०—इन सोलहों दलोंमें 'ॐ द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः स्वाहा' इस मंत्रको लिखकर बाहर ह्रीं से वेष्टित करके क्रोंसे निरोध करे ।

भूर्जे पत्रे पटे वाऽपि विलिख्य च हिमादिभिः ।
ॐ द्रीं क्लीं ब्लूं सः कारान्त्य मन्त्रं क्षोभकरं जपेत् ॥ १३ ॥

भा० टी०—इस यंत्रको भोजपत्र या वस्त्र पर कपूर और सुगंधित द्रव्योंसे लिखकर क्षोभन करनेवाले 'ॐ द्रीं क्लीं ब्लूं सः' मन्त्रका जाप करे ।

यंत्र संख्या ३५

वश्य यंत्र चतुर्थ



अष्टदलकमलमध्ये मदनाक्रान्तं दलेषु चित्तभवम् ।
पुनरप्यष्टदलाम्बुजमिभदशकरणं ततो लेख्यम् ॥ १४ ॥

भा० टी०—एक अष्टदल कमलकी कर्णिकामें ह्रीं के भीतर नाम लिखकर उसके आठों दलोंमें क्लीं लिखे। उसके पश्चात् फिर आठ दल बनाकर उनमें क्रों लिखे।

षोडश दलगतपद्मं क्लींकारं वरदलेषु सुरभिद्रव्यैः ।
ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं कारैस्तद्यन्त्रं वेष्टयेत्परितः ॥ १५ ॥

भा० टी०—उसके पश्चात् सोलह दल कमल बनाकर उसके दलोंमें क्ष्रीं को सुगंधित द्रव्योंसे लिखे, और फिर उस यन्त्रको चारों ओर "क्षा क्षीं क्षू क्षौं" घेर देवे।

तद्बाह्येऽर्कशशीभ्यां जपतः शून्यैश्च पञ्चभिर्नित्यम्।
नागनरामरलोकः क्षुभ्यति वश्यत्वमायाति ॥ १६ ॥

भा० टी०—उसके बाहिर सूर्य और चन्द्रमासे वेष्टित करके पञ्च शून्यों 'ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः' जप करनेसे नागलोक, मनुष्यलोक, और देवलोक सभी वशमें हो जाते हैं।

अरिष्टनेमि मन्त्र

अष्टलघुपाषाणान् दिशासु परिजाप्य निक्षिपेद्धीमान्।
चौरादिरौद्रजीवैरभयं सम्पद्यतेऽटव्याम् ॥ १७ ॥

भा०टी०—यदि बुद्धिमान मनुष्य निम्नलिखित मन्त्रको बनमें आठ पत्थरकी ककरों पर जपकर उन्हें आठों दिशाओंमें फेंक दें, तो चोर आदि भयकर जीवोंसे भय नहीं रहता।

मन्त्रोद्धार—

"ॐ णमो भयवदो अरिट्ठनेमिस्स अरिट्ठेण बधेण बधामि रक्खसाण भूयाणं खेचराण चाराण दाढीण सायणीण महोरगाण अण्णे जे के बिदुट्ठा सम्भवन्ति तेसिं सव्वेसिं मण मुह गई दिट्ठिं बंधामि धणुर महाधणुरे जः जः जः ठः ठः ठः हुं फट्।"

यन्त्र संख्या ३६

वश्य यन्त्र पञ्चम

स्वरबीजयुतं शून्यं तत्वेनैङ्कारवेष्टितम् ।
वाह्येऽष्टदलाम्भोज नित्यक्लिन्ने मदद्रवे ॥ १८ ॥
मदनातुरे कषडिति विलिखेत्तद्वाह्यान्तविनयपूर्वेण ।
त्रिभुवनवश्यवश्य प्रतिदिनम भवति संजपतः ॥ १९ ॥

भा० टी—एक अष्टदल कमलकी कर्णिकामें नाम सहित क्लीं ह ह्रीं और ऐं को लिखकर उसके आठों दलोंमें निम्न लिखित मन्त्र लिखकर इसी मन्त्रका प्रतिदिन जप करे तो अवश्य ही वशमें हो जाते हैं।

मन्त्रोद्धार—

'ॐ हक्लीं ह्रीं ऐंनित्यक्लिन्ने मदद्रवेमदनातुरे त्रिभुवनं मम वशी भवतु२ वषट स्वाहा।'

यन्त्र संख्या २७

वश्य यन्त्र षष्ठ–(त्रैलोक्य क्षोभण यन्त्र)



वर्णान्त मदनयुतं वाग्भवोपरि संस्थितं वसुदलाब्जम् ।

दिक्षु विदिक्षु च माया वाग्भवबीज ततो लेख्यम् ॥ २० ॥

भा० टी०—एक अष्टदल कमलकी कर्णिकामें नामको ह्क्लीं और ऐंसे वेष्टित करके लिखे। उसकी दिशाओंके चार दलोंमें ह्रीं और विदिशाओंमें ऐं लिखे।

त्रैलोक्यक्षोमणं यन्त्रं सर्वदा पूजयेदिदम् ।

हस्तेबद्धं करोत्येव त्रैलोक्यजनमोहनम् ॥ २१ ॥

भा० टी०—इस तीन लोकको क्षोभित करनेवाले यन्त्रका

प्रतिदिन पूजन करके इसको हाथमें बांधनेसे यह तीन लोकको मोहित करता है।

मन्त्रोद्धार—

"ॐ ह्र क्लीं ऐं ह्रीं देवदत्तस्य सर्वजनवश्यं कुरु२ वषट्।"

दूसरेको सुलानेका मन्त्र

भ्रम युगलं केशिभ्रम माते भ्रम विभ्रमं च मुह्य पदम्।
मोहय पूर्णः स्वाहा मन्त्रोऽयं प्रणव पूर्वगतः॥ २२॥

मन्त्रोद्धार—

"ॐ भ्रमर केशिभ्रम मातेभ्रम विभ्रमं मुह्य२ मोहय२ पूर्णः पूर्णः स्वाहा।"

एतेन लक्षमेक भूमिमसंप्राप्त सर्षपैर्जप्त्वा।
क्षिप्ते गृहदेहल्यामकालनिद्रां जनः कुरुते॥ २३॥

भा० टी०—इस मन्त्रको पृथ्वीपर न गिरी हुई सरसोंसे एक लक्ष जप कर वह सरसों जिस घरकी देहलीपर डाली जाती है उस घरवालोंको असमयमें निद्रा आ जाती है।

रण्डायक्षिणीकी सिद्धि

मृतविधवाब्राह्मण्याः पादतलालक्तकेन परिलिखितम्।
तद्वक्त्रपिहितवस्त्रे विधवारूपं निराभरणम्॥ २४॥

भा० टी०—मृतक विधवा ब्राह्मणीके पैरके अलक्तकसे उसके मुखके ढकनेके वस्त्रपर बिना आभरणवाली विधवाका रूप बनावे।

प्रणवं विचे मोहे स्वाहान्तं सप्तलक्षजाप्येन।
एकाकिनी निशायां सिध्यति सा यक्षिणी रण्डा॥ २५॥

भा० टी०—"ॐ विचे मोहे स्वाहा" इस मन्त्रका अकेले रात्रिके समय सात लक्ष जप करनेसे वह रण्डा यक्षिणी सिद्ध होती है।

यत्साधकाभिलषितं तत्तस्मै वस्तु सा ददात्येव।
क्षोभं प्रयान्ति रण्डाः सर्वा अपि भुवनवर्तिन्यः ॥ २६ ॥

भा० टी०—वह साधककी इच्छा की हुई सभी वस्तुएं देती है, उससे लोकमें रहनेवाली सभी विधवाएं क्षोभको प्राप्त होती हैं।

यंत्र सख्या ३८

स्त्री वशीकरण ध्यान

तत्त्वं मन्मथबीजस्य तत्तोपरि विचिन्तयेत्।
पार्श्वयोरेवल पिण्डं भ्रमन्तमरुणप्रभम् ॥ २७ ॥

भा० टी०—क्लींके ऊपर ह्रींका ध्यान करके उसके दोनों ओर घूमते हुये अरुण प्रभावाले 'ब्लैं' का ध्यान करे।

योनौ क्षोभं मूर्धनं मोहनि पातन ललाटस्थम्।
लोचनयुग्मे द्रावं ध्यानेन करोतु वनितानाम् ॥ २८ ॥

भा० टी०—यह ध्यान स्त्रियोंकी योनिमें करनेसे क्षोभ, सिरमें करनेसे मोहन, मस्तकमें करनेसे पातन (विह्वल होकर गिरना), और दोनों नेत्रोंमें करनेसे द्रावण होता है।

शीर्षास्य हृदय नाभौ पादौषानङ्गवाणमथ योज्यम् ।
सम्मोहनमनुलोम्ये विपरीते द्रावणं कुरुते ॥ २९ ॥

भा० टी०—शिर, मुख, हृदय, नाभि और पैरोंमें कामदेवके पांच बाण 'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः' को इसी सीधे क्रमसे लगानेसे सम्मोहन और उलटे क्रममें लगानेसे द्रावण होता है।

दद्यात्ताम्बूलगन्धादीन्स्मरबाणाभिमन्त्रितान् ।
क्षालयेदात्मवक्त्रं च स स्त्रीणां मन्मथो भवेत् ॥ ३० ॥

भा० टी०—कामके बाणोंसे अभिमंत्रित करके तांबूल इत्र आदि देवे और उसी मन्त्रसे अपने मुखको धोवे, इस प्रकार वह स्त्रियोंका कामदेव हो जाता है।

मन्त्रोद्धार—

"ओं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः हक्लीं एं नित्यक्लिन्ने मदद्रवे ह्रीं सर्वजनं मम वश्यं कुरु २ वषट् ॥"

सिन्दूरारुणवाससन्निभप्रभंब्लेंकारसत्पिण्डकम् ,
कान्तागुह्यगत प्रसंचलितमित ध्यात्वा मनोरञ्जितम ।
लाक्षारागमबिन्दुवर्षवर्षं प्रस्यन्दि कामादरात ,
सप्ताहेन वशं करोतु वनीतां तत्तत्र चित्रं कुतः ॥ ३१॥

भा० टी०—सिन्दूरिया लालवस्त्रके समान प्रभावाले उत्तम पिण्ड ब्लेंको स्त्रीके योनिस्थानमें तेजीसे घूमता हुआ मनको प्रसन्न करनेवाला, लाखकी लालिमाकी बून्दोंके समूहको वरसाकर बहाता हुआ—ध्यान करनेसे स्त्री कामके वेगसे यदि एक सप्ताहके अन्दर ही वशमें आ जावे तो इसमें क्या आश्चर्य है।

विचिन्तयेदेवलपिण्डमेकं सिन्दूरवर्णं वनितावराङ्गे ।
तद्द्रावणं दृष्टिनिपातमात्रात्सप्ताहतोऽप्यानयनं करोति ॥ ३२ ॥

भा० टी०— क्लें बीजको स्त्रियोंके गुह्यस्थानमें सिन्दूरके वर्णका ध्यान करनेसे देखते ही स्त्री द्रवित हो जाती है और सात दिनके अन्दर२ ही आ जाती है।

किसीको ज्वर लानेका मन्त्र

ब्राह्मणमस्तककेशै कृत्वा रज्जुं तया नरकपालम्।
आवेष्ठय साध्यदेहोद्वर्तनकेशनखरपादरजः॥ ३३॥

भा० टी०—ब्राह्मणके सिरके बालोंकी रस्सी बनाकर उससे एक नर कपालको लपेटे और फिर साध्य पुरुषके शरीरके मल-विष्टा, केश, नख और पैरकी धूलको लेकर।

मनुजास्थि चूर्णं मिश्रं कृत्वा तन्निक्षिपेत्पुरोक्तपुटे।
ज्वरयति मन्त्रस्मरणात्सप्ताहाद्स्थिमथनेन॥ ३४॥

भा० टी०—उसको मनुष्यकी हड्डीमें मिलाकर सबका चूर्ण करके उसको पहिले नर कपालमें डाल दे। तब मन्त्र जपते हुये हड्डीको गलनेसे शत्रुको एक सप्ताहके अन्दर२ ज्वर हो आता है।

मन्त्रोद्धार—

"ॐ नमो चण्डेश्वर चण्डकुठारेण अमुकं ज्वरेण ह्रीं गृह्ण मारय हुं फट् घे घे।"

चण्डेश्वराय होमान्तं संजपेद्विनयादिना।
सहस्रदशकं मन्त्री पूर्वमारुणपुष्पकैः॥ ३५॥

भा० टी०—मन्त्री पहिले 'ॐ चण्डेश्वराय स्वाहा' इस मन्त्रका लाल कनेरके पुष्पोंसे दश सहस्र जप कर लेवे।

यंत्र संख्या ३९

ज्वर हरण यन्त्र



टान्तपकारप्रणयनजान्तार्द्धशशि प्रवेष्टितं नाम।
शीतोष्ण ज्वरहरणं स्यादुष्णहिताम्बुनिक्षिप्तम्॥ ३६॥

भा० टी०—नामको क्रमशः ठ, प, ॐ, झ और अर्द्धचन्द्रसे वेष्टित करके उसको उष्ण जलमें डालनेसे शीतज्वर और शीतल जलमें डालनेसे उष्ण ज्वर नष्ट होता है।

होम द्रव्य विधान

शाल्यक्षतदूर्वाङ्कुरमलयजहोमेन शांतिकं पुष्टिम्।
करवीरपुष्पहवनात्कुर्यात्स्त्रीणां वशीकरणम्॥ ३७॥

भा० टी०—शाठीके चांवल, दूबके अंकुर और लाल चन्दनके होमसे शांतिक और पुष्टिकर्म, लाल कनेरके पुष्पोंके हवनसे भी स्त्रियोंका वशीकरण होता है।

महिषाक्षपद्महोमात् प्रतिदिवसं भवति पुरजनक्षोभः।
क्रमुकफलपत्र हवनात् राजानो वश्यमायान्ति॥ ३८॥

भा० टी०—महिषाक्ष, गूगल और पद्म (कनेर) के होमसे नगरवासी प्रतिदिन क्षोभको प्राप्त होते रहते हैं। सुपारी और नागरबेल पानके हवनसे राजा लोग वशमें होते हैं।

तिल धान्यानां होमे सर्पयुतैर्भवति धान्यधनवृद्धिः।
मल्लीप्रसूनहोमात्सघृताद्वश्यन्ति योगिजनाः ॥ ३९ ॥

भा० टी०—तिल, धान्य और घृतके होमसे धन धान्यकी वृद्धि होती है। मल्लिका (मोगरा) पुष्पके हवनसे योगिजन वशमें हो जाते हैं।

घृतयुतचूतफलानां वरहोमाद्भवति खेचरीवश्या।
यक्षिणी च होमाद्भवति वशे ब्रह्मपुष्पाणाम् ॥ ४० ॥

भा० टी०—घी और आमके फलोंके हवनसे विद्याधरी वशमें होती है। पलाशके पुष्पोंके होमसे यक्षिणी वशमें होती है।

गृहधूमनिम्बराजी लवणान्वित काकपक्षकृतहोमे।
एकोदरजातानामपि भवति परस्परं वैरम् ॥ ४१ ॥

भा० टी०—गृह धूम (आगार धूम), नीम, सफेद सरसों, नमक और काकपक्षके होमसे सगे भाइयोंका भी आपसमें द्वेष हो जाता है।

प्रेत वन शल्यमिश्रितर्बिभीतकाङ्गार सदन धूमानाम्।
होमेन भवति मरणं पक्षाद्वैरिलोकस्य ॥ ४२ ॥

भा० टी०—श्मशानकी अस्थि, बहेड़ेके अंगारे और गृहधूमके होमसे शत्रु एक पक्षके अन्दर२ मर जाता है।

इति उभयभाषा कविशेखर श्रीमल्लिषेणसूरि विरचित भैरव पद्मावती कल्पकी पंडिता कलावतीदेवी सरस्वती (धर्मपत्नी काव्यसाहित्य-तीर्थाचार्य प्राच्यविद्यावारिधि श्री चन्द्रशेखर शास्त्री) कृत भाषा टीकामें "वश्य यन्त्राधिकार" नाम सप्तम परिच्छेद समाप्त ॥ ७ ॥

अष्टम परिच्छेद

(निमित्ताधिकार)

दर्पण निमित्तकी प्रथम सिद्धि

सिध्यति सहस्रजाप्यैर्दशगुणितैः प्रणवपूर्वहोमान्त्यः ।
दर्पणनिमित्तमन्त्रश्चलेचुलेप्रभृतिनोच्चार्यः ॥ १ ॥

दर्पण निमित्त नामक निम्नलिखित मंत्र दस सहस्र जापसे सिद्ध होता है—

भा० टी०—"ॐ चलेचुले चुण्डे कुमारिकयोरङ्गं प्रविश्य यथाभूतं यथाभव्यं यथासत्य भवति दर्शय२ भगवति मा विलम्बय विलम्बय ममाशामवश्यं पूरय२ स्वाहा ।"

सप्तवाराभिमन्त्रित गोदुग्ध पाययेत्कुमारिकयोः
ब्राह्मणकुलप्रसूत्योः तयोर्द्वयोः सप्तवत्सरयोः ॥ २ ॥

भा० टी०—इस मन्त्रसे गोदुग्धको सातबार अभिमंत्रित करके उसे ब्रह्मणकुलोत्पन्न सातर वर्षकी दो कन्याओंको पिलादे ।

सस्नाप्य ततः प्रातर्दत्वा ताभ्यामथ प्रसूनादीन् ।
भूम्यामपतितगोमयसम्मार्जित भूतले स्थित्वा ॥ ३ ॥

भा० टी०—फिर प्रातःकाल स्नान करके पृथिवीपर न गिरे हुये गोबरसे पुते हुये स्थानमें खड़ा होकर उन दोनों कुमारियोंको पुष्प आदि देकर ।

चतुरस्रमण्डलस्थं कलशं गन्धोदकेन परिपूर्णम् ।
तस्योपर्यादर्शं निवेशयेत्पश्चिमाभिमुखम् ॥ ४ ॥

भा० टी०—चौकोर मण्डलमें रक्खे हुये, सुगन्धित जलसे भरे हुये कलशके ऊपर एक दर्पण पश्चिमकी ओर मुख करके रख दे,

तदभिमुखं प्राक्कल्पितकुमारिकायुगलमथ निवेश्य ततः।
तद्धृदये ब्लूंकारं विचिन्तयेत्प्रणवसम्पुटितम् ॥ ५ ॥

भा० टी०—उस दर्पणके सामने पहिले संकल्प की हुई दोनों कन्याओंकी स्थापना करके उनके हृदयमें 'ॐ ब्लू ॐ' इस मंत्रका ध्यान करे।

शशिमण्डलवत्सौम्यं तन्मंत्रमनुस्मरन् स्वय तिष्ठेत्।
आदर्शवीक्ष्यमाण कुमारिकायुगलकं पृच्छेत् ॥ ६ ॥

भा० टी०—चन्द्र मण्डलके समान सौम्य रूपवाले उपरोक्त मन्त्रका ध्यान करता हुआ स्वयं बैठकर दर्पणमें देखती हुई उन दोनो कुमारियोंसे पूछे।

यद्दृष्टं यच्छ्रुत ताभ्यां तत्र रूप वचो यथा।
खड्गाङ्गुष्ठ जलादर्शे तत्सत्य नान्यथा भवेत् ॥ ७ ॥

भा० टी०—वह दोनों कन्याएं शस्त्र, अंगुष्ठ, जल या दर्पणके निमित्तमें इस प्रकारसे देखे हुये जिस रूपको या सुने हुये जिस वचनको कहेंगी वह अन्यथा नहीं हो सकता।

दर्पण निमित्तकी द्वितीय सिद्धि

दर्पणाङ्गुष्ठदीपादिनिमित्तमवलोकयेत्।

सिध्यत्यष्टसहस्रेण मन्त्रो जाप्येन मन्त्रिणा ॥ ८ ॥

भा० टी०—मन्त्री इसी प्रकरणमें दर्पण, अंगूठे और दीपक आदिके निमित्तको भी देखे।

निम्नलिखित मन्त्र आठ सहस्र जपसे सिद्ध होता है—

"ॐ नमो मेरु महामेरु ॐ नमो धरणि महाधरणि ॐ नमो

गौरि महागौरि ॐ नमः कालि महाकालि ॐ नमो इन्दे महा-इन्दे ॐ नमो जये महाजये ॐ नमो विजये महाविजये ॐ णमो पणसमणी महापणसमणी अवतर२ देवि अवतर२ मम चिन्तितं कार्यं सत्य ब्रूहि२ स्वाहा।"

दत्त्वा दर्भास्तरण दुग्धाहारं पुरा कुमारिकयोः।
संस्नाप्य ततः प्रातर्धवलाम्बरभूषणादीनि ॥ ९ ॥

भा० टी०—पहली रात्रिमें उन दोनों कुमारियोंको दाभकी शय्या और दुग्धका आहार देकर प्रातःकाल उनको स्नान करा कर श्वेत वस्त्र और आभूषण आदि देवे।

कलशादर्शकुमारीस्थानेष्वथ विन्यसेदिमं मन्त्रम्।
विनयं गजवशकरणं क्षां क्षीं क्षूं कारहोमान्तम् ॥ १० ॥

भा० टी०—इसके पश्चात् कलशके स्थान, दर्पणके स्थान और कुमारियोके खड़े रहनेके स्थानोंमें 'ॐ क्रों क्षां क्षीं क्षूं स्वाहा' इस मन्त्रका न्यास करे।

प्रणवादिपञ्चशून्यैरभिमन्त्र्य कुमारिकाकुचस्थाने।
अशितुं तयोश्च दद्याद्घृतेन सम्मिश्रितान्यूपान् ॥ ११ ॥

भा० टी०—उन कुमारियोंके कुचस्थानमें 'ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः' इस मन्त्रसे अभिमन्त्रित करके उन्हें भोजनके लिये घीके पूड़े देवे।

अंगुष्ठ निमित्तकी सिद्धि

आलक्तकाभिरञ्जितहस्ताङ्गुष्ठे निरीक्षयेद्रूपम्।
करनिर्वर्तिततैलेनांगुष्ठस्नानकरणेन ॥ १२ ॥

भा० टी०—हाथों पर तिलका तेल लगाकर अंगुष्ठ निमित्तके द्वारा अलक्तकसे रगे हुये अपने अंगूठेमें मन्त्री रूपको देखे।

दर्पण निमित्तकी तीसरी सिद्धि

प्रणवं पिङ्गलयुग्म पण्णति द्वितयं महाविद्येयम् ।
टान्तद्वयश्च होमो दर्पण मन्त्रो जिनोद्दिष्टः ॥ १३ ॥

'ॐ पिङ्गल २ पण्णति २ महाविधे ठः ठः स्वाहा ।' इस महामन्त्रको जिनेन्द्र भगवान्‌ने दर्पण मन्त्र कहा है ।

जाप्यं भानुसहस्रै सितपुष्पैश्चन्द्रकिरणसंकाशैः ।
सिध्यति दशांसहोमेनादर्शनिमित्तमन्त्रोऽयम् ॥ १४ ॥

भा० टी०—यह दर्पण निमित्त मन्त्र बारह सहस्र जप और चन्द्रमाकी किरणोंके समान सफेद पुष्पोंके दशांस होमसे सिद्ध होता है ।

चितिभस्मनैकविंशतिवाराश्निमृद्य दर्पण पूर्वम् ।
शाल्यक्षतोपरिस्थितनवाम्बुपरिपूर्णनवकुम्भे ॥ १५ ॥

भा० टी०—पहिले दर्पणको स्मशानकी राखसे इकीस वार मलकर उसको शाटीके चांवलोंके ऊपर रक्खे हुये नवीन जलसे भरे हुये नये कलशके ऊपर रक्खे ।

तं प्रतिनिधाय तस्मिन्नेककुलोद्भूतकन्यकायुगलम् ।
त्रिषु वर्णेष्वन्यतम स्नान धवलाम्बरोपेतम् ॥ १६ ॥

भा० टी०—उस दर्पणको कलशपर रखकर ब्राह्मण, क्षत्रिय अथवा वैश्य तीनों वर्णोंमेंसे किसी एक वर्णकी दो कन्याओंको स्नान कराकर श्वेत वस्त्र पहिनावे ।

अभ्यर्च्य गन्धतन्दुलनिवेद्यकुसुमादिभिस्ततः कलशम् ।
दत्त्वा ताम्बूलादीन्नादर्शं दर्शयेत्ताभ्याम् ॥ १७ ॥

भा० टी०—फिर कलशका चन्दन, अक्षत नैवेद्य और पुष्प आदिसे पूजन करके और पान आदि देकर उन दोनो कन्याओंको दर्पण दिखलावे ।

मत्री मन्त्र पठन् कुमारिकायुगल तथा पृच्छेत् ।
दृष्टं श्रुतञ्च कथयति रूपं वचनञ्च मुकुरुन्दे ॥ १८ ॥

भा० टी—उस समय मन्त्री मन्त्रको पढ़ता हुआ उन दोनों कुमारियोंसे प्रश्न करे। वह उस दर्पणमें देखे हुये रूप और सुने हुये वचनको ठीकर कहेंगी।

यंत्र संख्या ४०

दीपक निमित्तवाला सुन्दरी यन्त्र



अष्टसहस्रैर्जातीपुष्पैः श्री वीरनाथजिनपुरतः।
जप्ते सुन्दरी देवी सिध्यति मन्त्रेण खद्गक्तथा॥ १९॥

भा० टी०—श्री महावीर भगवानके सामने अष्ट सहस्र

जाती (मालती) पुष्पोंसे भक्तिपूर्वक जप करनेसे 'सुन्दरी' नामकी देवी सिद्ध होती है।

जपनेके मन्त्रका उद्धार

'ॐ सुन्दरी परमसुन्दरी स्वाहा'।

ब्रह्मादिसुन्दरीशब्द होमान्त कर्णिकान्तरे।
अष्टपत्रेषु सर्वेषु लिखेत्परमसुन्दरी ॥ २० ॥

भा० टी—एक अष्ट दल कमलकी कर्णिकामें 'ॐ परम सुन्दरी स्वाहा' लिखकर आठों दलोंमें 'ॐ सुन्दरी स्वाहा' लिखे।

कृष्णतिलतैलपूर्णे कुलालकरमृत्तिकाकृते पात्रे।
आलक्तककृतवर्त्या दीपे न्यग्रोधवह्निभवे ॥ २१ ॥

भा० टी०—कुम्हारके हाथकी मिट्टीके बनाये हुये दीप पात्रमें काले तिलोंका तेल भरकर अलक्तककी बनी हुई बत्ती डालकर वट वृक्षकी लकड़ीकी आगसे दीपकको जलावे।

शेष क्रिया पहिलेके समान है।

कर्णपिशाचनी मन्त्र

श्रवणपिशाचिनि मुण्डे स्वाहान्तः प्रणवपूर्वकोऽयं।
सिध्यति च लक्षजाप्यात्कर्णपिशाचीत्ययं मन्त्रः ॥ २२ ॥

'ॐ श्रवणपिशाचिनि मुण्डे स्वाहा।'

भा० टी०—यह कर्णपिशाचिनी मंत्र एक लक्ष जपसे सिद्ध होता है।

मन्त्रपरिजप्तकुष्ठ हृन्मुखकर्णाङ्घ्रियुगलमालिप्य।
सुप्तस्य कर्णमूले कथयति यच्चिन्तितं कार्यम् ॥ २३ ॥

भा० टी०—इस मन्त्रसे कूठको २१ बार अभिमंत्रित करके उसको पीसकर हृदय, मुख, दोनो कान और दोनों पैरों पर

लगाकर सोवे तो कर्णपिशाचिनी देवी सोते समय सोचे हुये कार्यको कानमें कहती है।

यंत्र संख्या ४१

ग्रहहरण यन्त्र



मलवरयूं कारचतुर्दशकलान्वितं कूटबीजकं विलिखेत्।
शिखिवायुमण्डलस्थं सनामखरताडपत्रगतम् ॥ २४ ॥

भा० टी०—एक खुरदड़े ताड़ पत्र पर नाम सहित क्ष्म्ल्व्र्यूं बीजको चौदह कलाओं (ऌ और ॠ के बिना सोलह स्वरों) के अंदर लिखकर वाहिर अग्निमण्डल और वायुमण्डल बनावे।

मार्तण्डस्नुगदुग्धत्रिकटुकहयगन्धसर्षपसद्मभवधूमैः।
आक्षिप्यललाटस्थं प्रहिणां कुरुते ग्रहावेशम् ॥ २५ ॥

भा० टी०—इस यन्त्रको आकके दूध, थूहरके दूध, त्रिकटु (सोंठ, पीपल, काली मिरच), असगंध और गृहधूमसे बनाकर ग्रहसे पकड़े हुयेके मस्तक पर रखनेसे ग्रह दूर हो जाते हैं।

धनदर्शक दीपक

कुनटीगन्धकतालकचूर्णं कृत्वासितार्कतूलेन।

संवेष्ट्य पद्मनालकसूत्रेण च वर्तिरिह कार्या ॥ २६ ॥

भा० टी०—मनःशिला, गन्धक और हरितालके चूर्णको सफेद आककी रुई और कमल दण्डोके सूतसे लपेटकर बत्ती बनावे।

सा कङ्गुतैलभाव्या तया प्रदीपं विबोधयेन्मन्त्री।

यत्राधोमुखमगमद्दो यस्तत्रास्ति वसुराशिः ॥ २७ ॥

भा० टी०—मन्त्री उस बत्तीको कगनीके तेलमें भिगोकर दीपक जलावे। वह दीपक जहां नीचेको मुखवाला हो जावे वहीं धनकी राशि जाननी चाहिये।

विनयादिप्रज्वलितज्योतिदिशायां मरुद्भवोऽन्तपदम्।

प्रपठन्मनसा मन्त्रं प्रदीपमालोकयेन्मन्त्री ॥ २८ ॥

भा० टी०—मन्त्री 'ॐ प्रज्वलितज्योतिदिशायां स्वाहा' इस मन्त्रको मनमें पढ़ता हुआ दीपककी बत्तीको घोड़ेके सुम या छुरी पर रखकर देखे।

गणितका निमित्त

प्रायोर्वीशनदीनवग्रहनगव्याधिप्रसूनाक्षरा-

ण्येकीकृत्य नखान्वितं त्रिगुणितं तिथ्यापुनर्भाजितम्।

त्र्यादुद्धरिताच्छुभाशुभफलं वैषम्यसाम्ये सुधी-

रेतत्तथ्यमिहोदितं मुनिवरैर्भव्याब्जधर्मांशुभिः ॥ २९ ॥

भा० टी०—प्रायः चक्रवर्तियों, महानदियों, नवग्रहों, पर्वतों, रोगों और पुष्पोंमेंसे एकर के अक्षरोंको गिनकर जोड़े। उस

योगफलमें नख (बीस) को जोड़कर तीनसे गुणा दे और गुणनफलको पन्द्रहका भाग दे। यदि शेषमें सम अक्षर हो तो विरुद्ध फल और विषम अंक हो तो शुभ फल कहना चाहिये। यह प्रयोग भव्यरूपी कमलोंको सूर्यके समान खिलानेवाले उत्तम२ मुनियोंने कहा है। यंत्र संख्या ४२

युद्धमें अर्द्धेन्दुत्रिशूल यन्त्र

अर्द्धेन्दुरेखाग्रगतं त्रिशूलं मध्ये च सम्यक् प्रविलिख्य धीमान्।
ऋक्षेऽमवास्या प्रतिपद्दिने तु यस्मिन्मृगाङ्को व्यवतिष्ठतेऽसौ॥ ३०॥



अर्थात् यदि अमावस्या और प्रतिपदा के योग के दिन चन्द्रमा कृत्तिका नक्षत्र में हो तो यन्त्र निम्न लिखित प्रकार से बना लिया जावे-

यंत्र संख्या ४३–युद्धमें अर्द्धेन्दुत्रिशूल चक्र



भा० टी०—एक अर्द्ध चन्द्राकार रेखा के ऊपर तीन त्रिशूल बनाकर उनमें भली प्रकारसे अट्ठाइसों नक्षत्र इस प्रकार लिखें कि अमावस्या और प्रतिपद्के योगके दिन चन्द्रमा जिस नक्षत्रमें हो।

कृत्वा तदादि विगणय्य युद्धे त्रिधा त्रिशूलाग्रगतेषु मृत्युम्।
मार्तण्डसंख्येषु जयं च तेषु पराजयं षट्सु बहिस्थितेषु ॥३१॥

भा० टी०—उसको निम्नलिखित यन्त्रमें १ के स्थान पर लिखकर उससे आगेके नक्षत्रोंके अंक क्रमसे लिख दे।

भा० टी०—युद्धको जाते हुये मनुष्यका जन्म नक्षत्र इनमेंसे जिस स्थानपर हो उससे फल जानना चाहिये। यदि जन्म

नक्षत्र त्रिशूलोंके अन्दर पड़े तो मृत्यु हो। यदि वह नक्षत्र मध्यके बाहर नक्षत्रोंमेंसे कोई हो तो विजय हो, अथवा वह बाहिर अर्थात् अर्द्धचन्द्राकार रेखाके बाहिर छह नक्षत्रोंमेंसे किसी स्थान पर पड़े तो पराजय हो।

गर्भमें पुत्र है या पुत्री

दिशि विदिशि तदुभयान्तरवर्तिभ्यां दिशतु पृच्छके मन्त्री।
क्रमशो बालं बालीं नपुंसकं पूर्णगर्भिण्याः॥ ३२॥

भा० टी०—यदि मन्त्रीसे कोई पुरुष किसी पूर्ण समयवाली गर्भिणीकी भावी सन्तानका फल पूछने आवे तो यदि वह पूछनेवाला दिशामें खड़ा हो तो पुत्र अथवा यदि वह विदिशामें खड़ा हो तो पुत्री और यदि वह दोनोंके मध्यमें हो तो नपुंसक सन्तान फल बतलावे।

स्त्री अथवा पुरुष किसकी मृत्यु होगी

वर्णमात्रांश्च दम्पत्योरेकीकृत्य त्रिभाजितन्।
शून्यैकेन मृतिं पुंसो नार्याद्वयङ्केन निर्दिशेत्॥ ३३॥

भा० टी०—स्त्री और पुरुषके नामोंमेंके व्यंजन और स्वरोंको प्रथक्२ लिखकर उनको गिनकर तीनका भाग दे। यदि शेष शून्य अथवा एक हो तो पुरुषकी मृत्यु अथवा यदि शेष दो बचे तो स्त्रीकी मृत्यु बतलावे।

इति उभयभाषा कविशेखर श्री मल्लिषेणसूरि विरचित भैरव-पद्मावती कल्पकी पंडिता कमलावतीदेवी सरस्वती (धर्मपत्नी काव्यसाहित्य-तीर्थाचार्य प्राच्यविद्यावारिधि श्री चन्द्रशेखर शास्त्री) कृत भाषा टीकामें 'निमित्ताधिकार' नामका अष्टम परिच्छेद समाप्त॥ ८॥

नवम परिच्छेद

(तन्त्राधिकार)

मोहन तिलक

लवङ्गकुङ्कुमोशीरनागकेशरराजिका: ।
एलामन: शिलाकुष्ठतगरोत्पलरोचना: ॥ १ ॥

भा० टी०—लवंग, केशर, चन्दन, नागकेशर, सफेद सर्सों, इलायची, मनशिल, कूठ, तगर, सफेद कमल, गोरोचन,

श्रीखण्ड तुलसी, पिक्का पद्मकं कुटजान्वितम् ।
सर्वं समानमादाय नक्षत्रे पुष्यनामनि ॥ २ ॥

भा० टी०—लाल चन्दन, तुलसी, पिक्का (गन्ध द्रव्य), पद्माखा और कुटजको पुण्य नक्षत्रमें बराबर २ लाकर,

कन्यया पेषयेत्सर्वं हेमभूतेन वारिणा ।
कुरु चन्द्रोदये जाते तिलकं जनमोहनम् ॥ ३ ॥

भा० टी०—सबको धतूरेके रसमें कुमारी कन्यासे पिसवा कर उसका चन्द्रोदय होने पर तिलक करनेसे संसार मोहित हो जाता है।

स्त्रीवश्य पान

बर्हिशिखा सितगुञ्जा गोरम्भा भानुकीटकस्य मलम् ।
निजपञ्चमलोपेतं चूर्णं वनितां वशीकुरुते ॥ ४ ॥

भा० टी०—मयूरशिखा, सफेद गुञ्जा, गोरंगा (गोभी), आकका पत्ता, कीटकका मल और अपने पांचों मलोंका चूर्ण स्त्रीको वशमें करता है।

(कान, आंख, दांत और जीभके मल तथा वीर्यको अपने पांचों मल कहते हैं।)

स्त्रीवश्य गुटिका

करवीरभुजगाक्षीब्रह्मदण्डीन्द्रवारुणी-
गोबन्धिनीलज्जानां विधाय वटिका बहूः ॥ ५ ॥

